वर्ष 24, अंक 239, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 9 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट






# जीत का जशन

## न्यूजीलैंड को हराकर वर्ल्ड चैंपियन बना भारत

### तीसरी बार जीता टी20 वर्ल्ड कप का खिताब; अहमदाबाद में रचा इतिहास

**अहमदाबाद**

**भारत** ने तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीत लिया है. फाइनल मैच में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर इतिहास रच दिया है. भारत ऐसा पहला देश बन गया है, जिसने टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी को डिफेंड किया है. अहमदाबाद में खेले गए इस फाइनल मैच में भारत ने पहले खेलते हुए 255 रन बनाए थे, जवाब में कीवी टीम 159 रन ही बना सकी.

**भारतीय टीम ने रचा इतिहास**

अब तक वेस्टइंडीज और इंग्लैंड भी 2-2 बार टी20 वर्ल्ड चैंपियन बने हैं, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी को 3 बार जीतने वाला भारत पहला देश बन गया है. टीम इंडिया ने 2007, 2024 और अब 2026 का खिताब जीता है. इससे पहले कोई भी टीम लगातार 2 बार टी20 फॉर्मेट का वर्ल्ड कप नहीं जीत पाई थी. भारत इस उपलब्धि को हासिल करने वाला भी पहला देश बना है.

बनाया था फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर भारतीय टीम टॉस हारने के बाद पहले बैटिंग करने आई थी. संजू सैमसन, ईशान किशन और अभिषेक शर्मा ने तूफानी अंदाज में अर्धशतक लगाया. सैमसन ने 89 रन बनाए, जो इस वर्ल्ड कप में उनकी लगातार तीसरी अर्धशतकीय पारी रही. वहीं अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 52 रनों की पारी खेली, इस दौरान उन्होंने 18 गेंद में पचासा जड़ा. ईशान किशन ने भी 25 गेंद में 54 रनों का योगदान दिया.

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 255 रन बनाए थे. यह टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर रहा. इससे पिछला रिकॉर्ड भी भारत के ही नाम था, जिसने 2024 वर्ल्ड कप के फाइनल में 176 रन बनाए थे. अब टीम इंडिया ने अपने ही रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए 255 रन बनाए.

**96 रनों की जीत**

256 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आई न्यूजीलैंड की टीम कभी जीत की रेस में थी ही नहीं. टिम साइफर्ट के 52 रन और कप्तान मिचेल सैंटनर की 43 रनों की पारी के अलावा कोई भी कीवी बल्लेबाज प्रभावशाली पारी नहीं खेल पाया.

भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट जसप्रीत बुमराह ने लिए, जिन्होंने कुल 4 विकेट झटके. वहीं अक्षर पटेल ने 3 बल्लेबाजों को आउट किया. उनके अलावा हार्दिक पांड्या, वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा ने भी एक-एक विकेट लिया।

### 'इस जीत ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया'- पीएम



आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 का विश्व विजेता बन चुका है. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल भारत ने 96 रनों से शानदार जीत हासिल की और तीसरी बार ये खिताब अपने नाम कर लिया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की जीत पर टीम इंडिया को बधाई दी है.

इस जीत ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'चैंपियन. आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई. यह शानदार जीत असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रतीक है. उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट साहस का प्रदर्शन किया. इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है. शाबाश, टीम इंडिया।



### भारतीय टीम को हार्दिक बधाईः राष्ट्रपति मुर्मू



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने टीम इंडिया को बधाई देते हुए लिखा, 'आईसीसी मेन्स टी20 विश्व कप में शानदार जीत हासिल करके इतिहास के कई शिखर छूने वाली भारतीय टीम को हार्दिक बधाई. भारत को यह गौरव प्राप्त है कि वह तीन बार कप जीतने वाला एकमात्र देश है. साथ ही, यह लगातार दो बार कप जीतने वाली एकमात्र टीम भी है. इससे क्रिकेट प्रेमियों में अपार खुशी और गर्व का भाव है. यह हमारे युवाओं में विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद प्रतिभाओं का भी प्रमाण है. इस सामूहिक जीत के लिए प्रत्येक खिलाड़ी, पूरी मैनेजमेंट टीम और सहायक स्टाफ प्रशंसा के पात्र हैं. मैं हमारी क्रिकेट टीम के भविष्य में निरंतर गौरव की कामना करती हूं.' भारत ने टी20 विश्व कप की ट्रॉफी को तीसरी बार जीता है. भारत घरेलू सरजमीं पर टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाला पहला देश बन गया है।

# दिल्ली को 'बहानेबाजी मॉडल' से मिली मुक्ति

## दिल्ली के दो नए मेट्रो कॉरिडोर में ट्रेन सेवाएं की शुरू

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में एक साल पहले भाजपा सरकार के गठन के बाद से दिल्ली में चौतरफा विकास की गति तेज हुई है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) के शासनकाल में बहानेबाजी के कारण काम रुका रहा और परियोजनाएं फाइलों में ही दम तोड़ती रहीं। दो नये मेट्रो कॉरिडोर समेत 33,500 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शुरूआत करने के बाद बुराड़ी मैदान में एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि दिल्ली न केवल देश की राजधानी है, बल्कि भारत की पहचान और उसकी ऊर्जा का प्रतीक भी है।

उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब दिल्ली की अक्षम परिवहन व्यवस्था के लिए अक्सर आलोचना की जाती थी। उन्होंने कहा, शहर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक आने-जाने में घंटों लग जाते थे और महिलाओं को अक्सर बस या ऑटो-रिक्शा पकड़ने की उम्मीद में लंबे समय तक बस स्टॉप पर इंतजार करना पड़ता था। हालांकि, दिल्ली में स्थिति तेजी से बदल रही है। मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले, शहर को ह्यनमो भारतह्न ट्रेन के माध्यम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से जोड़ा गया था, जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच यात्रा काफी आसान हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेट्रो के चौथे चरण की शुरूआत के साथ, दिल्ली मेट्रो नेटवर्क का विस्तार अब 375 किलोमीटर से अधिक हो गया है, जिससे निवासियों के लिए कनेक्टिविटी और सुविधा में और सुधार हुआ है। उन्होंने कहा, जब भी दुनिया में, कोई भारत के बारे में सोचता है, तो अक्सर दिल्ली की छवि दिमाग में आती है... दिल्ली न केवल भारत की राजधानी है, बल्कि यह भारत की पहचान और उसकी ऊर्जा का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का विकास केवल एक शहर का विकास नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की छवि से जुड़ा हुआ है।

मोदी ने कहा, एक साल पहले जिस नयी उम्मीद और दृढ़ संकल्प के साथ आपने दिल्ली में भाजपा सरकार का गठन किया था, उसका परिणाम आज यहां दिखाई दे रहा है। मैं दिल्ली के सभी नागरिकों को विकास की इस निरंतर धारा के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्व सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि आपदा सरकार ने दिल्ली में 10 वर्षों तक सभी विकास कार्यों को रोक दिया था। उन्होंने कहा, उनका तरीका था कम काम करना और ज्यादा बहाने बनाना। आज दिल्ली में विकास का एक आदर्श मॉडल है - बहानेबाजी बंद हो गई है और काम शुरू हो गया है।

उन्होंने कहा, पहले परियोजनाएं फाइलों में दम तोड़ती थीं। आज परियोजनाएं जमीन पर उतरती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सामान्य पूल आवासीय आवास (जीपीआरए) पुनर्विकास योजना के तहत 15,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ सरोजिनी नगर स्थित जीपीआरए टाइप-5 क्वार्टर का दौरा किया और महिला लाभार्थियों को चाबियां सौंपीं। उन्होंने कुछ महिला श्रमिकों से भी बातचीत की। मोदी ने पिंक लाइन के 12.3 किलोमीटर लंबे मजलिस पार्क-मौजपुर-बाबरपुर कॉरिडोर और मैजेंटा लाइन के 9.9 किलोमीटर लंबे दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर का उद्घाटन किया।



### राष्ट्रपति मुर्मू का अपमान देश नहीं भूलेगा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के विकास के लिए 33,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का तोहफा दिया। उन्होंने दिल्ली मेट्रो की पिंक और मजेंटा लाइन के नए हिस्सों का उद्घाटन किया और तीन नए कॉरिडोर की नींव रखी। इस विस्तार से बुराड़ी, यमुना विहार, खजूरी खास और वजीराबाद जैसे इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों का सफर आसान होगा और मेट्रो कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार आएगा।

बंगाल सरकार पर तीखा प्रहार

मेट्रो परियोजनाओं की शुरूआत के साथ ही प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे के दौरान हुई प्रोटोकॉल की लापरवाही का मुद्दा उठाया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कल बंगाल में जो हुआ, वह देश की राष्ट्रपति का घोर अपमान है। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने न केवल राष्ट्रपति बल्कि पूरे आदिवासी समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

राष्ट्रपति के अपमान पर नाराजगी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू संथाल आदिवासी परंपरा के एक पवित्र उत्सव में शामिल होने बंगाल गई थीं, लेकिन राज्य सरकार ने उस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का बहिष्कार किया।

उन्होंने जोर देकर कहा, 'पश्चिम बंगाल की जनता और देश का आदिवासी समाज इस अपमान के लिए टीएमसी को कभी माफ नहीं करेगा। एक नारी और देश के सर्वोच्च पद पर बैठी हस्ती के साथ ऐसा व्यवहार बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।'

# 'दरिंदगी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी'- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तम नगर में होली के पावन पर्व पर एक मासूम युवक तरुण की जघन्य हत्या की घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया है. उन्होंने इस घटना को अत्यंत दर्दनाक, निंदनीय और पूरे समाज को झकझोर देने वाली करार दिया. सीएम ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में ऐसी जघन्य आपराधिक और हिंसक घटनाओं के लिए शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है और इस तरह की दरिंदगी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी.



मुख्यमंत्री ने लिखा, "होली के पावन पर्व पर दिल्ली के उत्तम नगर में एक मासूम युवा की जघन्य हत्या की यह घटना अत्यंत दर्दनाक, निंदनीय और पूरे समाज को झकझोर देने वाली है. दिल्ली में इस प्रकार की जघन्य आपराधिक और हिंसक घटनाओं के लिए शून्य सहनशीलता की नीति है. इस तरह की दरिंदगी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी."

उन्होंने बताया कि प्रशासन को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए गए हैं कि इस अपराध में शामिल सभी दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और उनके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोरतम और शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. सीएम ने कहा कि इस मामले में सख्त और उदाहरणात्मक कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी अमानवीय घटना करने का दुस्साहस न कर सके।

# पंजाब की महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी

**पंजाब**

**पंजाब** में आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपना एक प्रमुख चुनावी वादा पूरा कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने 2026-27 के बजट में 'मुख्यमंत्री महिला-ध्यान सत्कार योजना' का एलान किया। इस योजना के तहत राज्य की 18 साल से ऊपर की लगभग सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। सरकार का दावा है कि इस योजना के दायरे में राज्य की 97 प्रतिशत महिलाएं आएंगी।

किसे मिलेगा लाभ और किसे नहीं? इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि जो महिलाएं पहले से बुढ़ापा, विधवा या विकलांगता पेंशन ले रही हैं, उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। विशेष रूप से अनुसूचित जाति की महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये दिए जाएंगे। हालांकि, सरकारी कर्मचारी (वर्तमान या पूर्व), आयकर देने वाले परिवार और वर्तमान या पूर्व सांसद-विधायक इस योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे।



# महिला शक्ति का सम्मान: पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय शंकरगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य आयोजन





अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं मदर्स डे के अवसर पर पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय शंकरगढ़ परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण की भावना को प्रोत्साहित करते हुए महिलाओं ने विभिन्न स्टॉल लगाए और समाज में महिलाओं की भूमिका व आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शंकरगढ़ थाने की उपनिरीक्षक अनुराधा सिंह व सुष्मिता रहीं। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुराधा सिंह ने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परचम लहरा रही हैं। शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर महिलाएं समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में ललिता तिवारी, रीता कुमारी और साधना सोनी द्वारा लगाए गए स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं विद्यालय की रसोइयों रेखा, उषा, चंचला और सुशीला को उनके योगदान के लिए अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में माताओं के बीच मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण समाज की प्रगति की सबसे बड़ी आधारशिला है। उन्होंने कहा कि विद्यालय ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों में समानता, सम्मान और जागरूकता का संदेश देने का प्रयास करता है।इस अवसर पर सहायक अध्यापक नृपेंद्र सिंह, चेतना शर्मा, मनीषा, संगीता, यासमीन बानो, प्रमिला पांडेय, अजय सिंह, रामदीन, अनिल सिंह, अनिल पटेल, सुखराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# प्रयागराज में सिविल लाइंस व्यापार मंडल का होली मिलन समारोह, विशिष्ट अतिथियों का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सिविल लाइंस व्यापार मंडल की ओर से रविवार को सिविल लाइंस स्थित होटल प्रयाग इन में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों और अतिथियों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्द व सहयोग का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि रीता बहुगुणा जोशी, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, सांसद प्रवीण पटेल तथा विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

सिविल लाइंस व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील खरबंदा ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन व्यापारियों के बीच आपसी सहयोग और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान सिविल लाइंस रामदल आयोजन समिति के अध्यक्ष आशीष अरोरा, महामंत्री रीतेश सिंह, शशांक जैन समेत अन्य सदस्यों को बुके, शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा समाज में विशेष योगदान देने वाले अनिल कुमार गुप्ता (अन्नू भैया) और राजेंद्र नारायण सिंह को भी शॉल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सिविल लाइंस व्यापार मंडल के महामंत्री शिवशंकर सिंह की प्रेरणात्मक पुस्तक से जुड़े विश्व रिकॉर्ड अभियान में सहयोग करने वाली विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में संजय सिंह, सुशील खरबंदा, महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष अनुरागिनी सिंह, रोटेरियन सौरभ पुरी और एक्यूप्रेशर संस्थान के सुबोध अग्रवाल सहित अन्य लोग शामिल रहे।

कार्यक्रम में बॉलीवुड कलाकार सूर्य कुमार दुबे ने होली गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया, जिससे उपस्थित लोगों ने भरपूर आनंद लिया।

समारोह के अंत में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न व शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभाकर त्रिपाठी ने किया, जबकि अंत में महामंत्री शिवशंकर सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। लंच के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान समाज में बराबरी की भागीदारी पर दिया जोर

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** कांग्रेस गंगापार द्वारा फूलपुर क्षेत्र के बीरकाजी गांव में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें महिलाओं को सम्मानित कर उनके अधिकारों और सशक्तिकरण पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने महिलाओं को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक गतिविधियों को आगे बढ़ाना है। यह दिवस लैंगिक समानता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान, बराबरी और उनकी सहभागिता को सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय ने कहा कि जहां नारी शक्ति की पूजा, उपासना और सम्मान होता है, वहीं परमात्मा का वास होता है। इसलिए महिलाओं का सम्मान करना प्रत्येक पुरुष का धर्म और कर्तव्य है। कार्यक्रम की आयोजिका निशा सिंह ने कहा कि एक समय था जब महिलाएं घर की चहार दीवारी तक सीमित रहती थीं, लेकिन आज नई तकनीक और शिक्षा के माध्यम से महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्पा चौधरी ने की, जबकि संचालन सितारा देवी ने किया।

इस अवसर पर सुनील पाण्डेय, डॉ. अमर सिंह पटेल, सूफिया बानो, उर्मिला सिंह, सुधा देवी, सावित्री देवी, सीमा सिंह, सुनीता देवी, सुनीता चौधरी, शिवानी देवी, अदिति, मोनिका, चाइना देवी, सविता, सुशीला, सरिता, रुक्मणी, रेखा देवी, सुमन देवी, रीता देवी, श्याम जी धुरिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, सात के खिलाफ मुकदमा

**करछना प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के नचना गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक युवक पर हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी अशोक यादव रविवार को घर के पीछे खेत की ओर गए थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे राजू यादव, मनोज यादव, राहुल यादव, शिवम यादव, गजराज यादव, राजमार्ग यादव सहित एक अन्य व्यक्ति ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों व लात-घूसों से हमला कर दिया। हमले में अशोक यादव घायल होकर बेहोश हो गए। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# न्यू सेंट्रल एकेडमी शंकरगढ़ में नारी शक्ति का सम्मान







अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर न्यू सेंट्रल एकेडमी, कपसो अतरी शंकरगढ़ में नारी शक्ति के सम्मान में भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया, वहीं छात्राओं की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को उत्साह और गौरव के माहौल से भर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का भव्य अभिनंदन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत और नारी शक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक प्रमुख शंकरगढ़ गुलाब कली ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परचम लहरा रही है। महिलाओं को अपनी शक्ति को पहचानकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए, तभी समाज और देश की प्रगति संभव है।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत शंकरगढ़ की अध्यक्ष पार्वती कोटार्य रहीं। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक व राजनीतिक भागीदारी लगातार बढ़ रही है। विशिष्ट अतिथि डॉ. बबिता सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा और आत्मनिर्भरता ही महिलाओं की सबसे बड़ी ताकत है।इस अवसर पर क्षेत्र में शिक्षा, समाज सेवा और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शीतल सिंह ने किया।कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं सोनम सिंह, दीपिका केसरवानी, महिमा मिश्रा, अनुराधा, गायत्री सिंह, नीतू सिंह, निर्मला जिंदल, सोनल प्रधान, तबस्सुम,



सपना केसरवानी सहित अन्य शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## मऊआइमा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला गंजिया बाजार में श्रृंगार मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भावी विधायक किशन सरोज , विशिष्ट अतिथि शिव मूरत पटेल, विधान सभा अध्यक्ष सुशील पटेल , जुड़ापुर प्रधान ,चंचल मिश्रा, सेक्टर अध्यक्ष ,देशराज मौर्य, जॉन अध्यक्ष विधि मंच दीपक मौर्य, दिलीप खत्री, राजेश गुप्ता, संजय साहू, राजू केसरवानी, सुजीत मौर्य, रवि साहू, शिव प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# आशुतोष महाराज ब्रह्मचारी पर चलती ट्रेन में हुआ हमला, नाक काटने का प्रयास

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कोर्ट में अर्जी देने वाले आशुतोष महाराज ब्रह्मचारी पर रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में रविवार तड़के करीब पांच बजे धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। एसी कोच में प्रयागराज जा रहे महाराज ने कहा कि धारदार हथियार से किए गए इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने ट्रेन के टॉयलेट में खुद को बंद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना रविवार सुबह कौशाम्बी जिले के सिराथू रेलवे स्टेशन के पास हुई है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने प्रयागराज जीआरपी को दी अपनी अर्जी में बताया कि शनिवार रात गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से रीवा एक्सप्रेस में सवार होकर प्रयागराज जा रहे थे। रविवार सुबह करीब पांच बजे ट्रेन जब सिराथू रेलवे स्टेशन कर पास पहुंची तो एसी बोगी के कोच एच-वन में सवार आशुतोष ब्रह्मचारी पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में वह लहूलुहान हो गए और अपनी जान बचाने के लिए ट्रेन के टॉयलेट में छिप गए। घटना के बाद घायल अवस्था में आशुतोष ब्रह्मचारी प्रयागराज पहुंचे। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। उन्हें मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके सहयोगियों पर संदेह जताया है। उन्होंने प्रयागराज जीआरपी में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। जीआरपी के डीएसपी अरुण कुमार पाठक ने बताया कि घटना में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है और आशुतोष महाराज को इलाज के लिए अस्पताल ले लाया जा रहा है। अब उनकी स्थिति खतरे से बाहर है।

## होली के दिन किराना दुकान के सामने मारपीट, पुलिस से शिकायत

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के बड़गोहना कला गांव में होली के दिन किराना दुकान के सामने मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित जाकिर हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शाम करीब पांच बजे अपने घर के पास स्थित एक किराना दुकान के सामने बैठा था। इसी दौरान गांव के दर्जनों लोग वहां पहुंच गए और बिना किसी कारण के उसका कॉलर पकड़कर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बेटे को भी मारपीट कर चोट पहुंचाई गई। पीड़ित का आरोप है कि संबंधित लोग पहले भी आए दिन विवाद और मारपीट करते रहते हैं। पीड़ित ने थाना कौंधियारा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मिशन शक्ति के तहत प्रधानाचार्या ज्योत्सना सिंह को प्रशस्ति पत्र



**करछना प्रयागराज।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास भवन प्रयागराज में नारी सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा एवं नारी स्वावलंबन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मुंगारी, करछना की प्रधानाचार्या ज्योत्सना सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा ने उनके द्वारा छात्राओं में जागरूकता फैलाने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज में महिलाओं को सशक्त बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है और इस दिशा में ज्योत्सना सिंह का योगदान सराहनीय है।

## बिजली बकायेदारों को राहत: सरचार्ज माफी योजना की अंतिम तिथि अब 30 मार्च तक बढ़ी

**सहसों।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा लंबे समय से बकाया बिजली बिल रखने वाले उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए चलाई जा रही योजना की समय सीमा बढ़ा दी गई है। पहले इस योजना के तहत बकाया बिल जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 30 मार्च 2026 कर दिया गया है।

मालवां उप विद्युत केंद्र के अवर अभियंता (जेई) इंद्रसेन यादव ने बताया कि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान करते हुए बकाया बिजली बिल पर लगने वाले ब्याज (सरचार्ज) में छूट दी जा रही है। इसके साथ ही मूल बिल में भी आंशिक छूट का प्रावधान रखा गया है। उपभोक्ता चाहें तो बकाया राशि को किस्तों में भी जमा कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि कई उपभोक्ता किसी कारणवश 28 फरवरी तक इस योजना का लाभ नहीं ले सके थे। ऐसे उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए विभाग ने योजना की समय सीमा बढ़ाकर 30 मार्च तक कर दी है।

जेई इंद्रसेन यादव ने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपना बकाया बिजली बिल जमा कर योजना से लाभान्वित हों और भविष्य में होने वाली असुविधा से बचें।

## दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दहेज में दो लाख,सोने की मांग व जंजीर न मिलने पर ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकशाहबेग उर्फ रामपुर डांडी निवासनीय निर्मला देवी पुत्री छेदीलाल की शादी 2014 में सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम सरसा दादूंपुर निवासी चन्द्र भान पटेल के साथ हुई थी। निर्मला देवी का आरोप है कि शादी के बाद से ही दो लाख रुपए नगदी, सोने की जंजीर ससुरालियों द्वारा मांग की जाने लगी।कई बार पंचायत भी हुई। निर्मला देवी ससुरालियों के जुल्म से ऊब कर मऊआइमा थाने में पति चन्द्र भान पटेल, ससुर नन्दलाल, सास आशादेवी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का ग्यारह साल बाद मुकदमा दर्ज करा दी है।

# नैनी में व्यापार मंडल नैनी की होली मिलन समारोह संपन्न हुआ

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर व्यापार मंडल नैनी के अध्यक्ष व भाजपा पार्षद राकेश जायसवाल की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, महापौर गणेश केसरवानी, विधायक पूजा पाल, भाजपा नेता उदय प्रताप समेत तमाम लोग शामिल हुए। इस होली मिलन में सभी ने एक दूसरे को आबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इसके साथ ही होली के गीतों पर झूमते रहे। कार्यक्रम में पार्षद राकेश जायसवाल ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई। शुरूआत में कलाकारों की ओर से गणेश वंदना और देवी गीतों को प्रस्तुति की गई। इस दौरान एक के बाद एक होली के गीत प्रस्तुत किए गए। कलाकारों की ओर से की गई प्रस्तुति से मौजूद श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। दैर रात तक होली मिलन समारोह का आयोजन चलता रहा। कार्यक्रम में पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कहा कि होली पर्व सौहार्द का पर्व है। इस पर्व पर सभी सारे गिले शिकवे भुलाकर एक हो जाते है और जैसे पानी में सारे रंग गोलकर एक हो जाते है, उसी प्रकार हम सब भी इस पर्व पर इस होली मिलन समारोह में एक साथ नजर आते है। होली मिलन समारोह में कलाकारों ने मनोहर झांकियों की प्रस्तुति दी। जिसे देख श्रोता झूमने लगे। लगातार झांकियों को प्रस्तुति लोगो को मंच की ओर आकर्षित कर रही थी। राधा कृष्ण के साथ श्री हनुमान और तमाम झाकियां निकाली गई। कार्यक्रम में आए कलाकारों की प्रस्तुति का मौजूद लोगों ने तालियों से जमकर स्वागत किया। इस मौके पर कलाकारों को भी मंच पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के आयोजक एवं व्यापार मंडल नैनी के अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता को बढ़ाने का कार्य करते हैं। इस कार्यक्रम में नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, बबलू तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, जय कृष तिवारी, आकांक्षा जायसवाल, राजीव वर्मा (गुड्डू भाई), मुन्ना शर्मा, हाशिम, घनश्याम जायसवाल, धर्मराज पटेल, राजेश शर्मा, नाजिम खान, भुवर जायसवाल, रणजीत सिंह, सुभाष केशरवानी, रणविजय सिंह डब्बू, मोनू जायसवाल, योगेश चौरसिया, दिनेश केसरवानी, पिंटू जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला दिवस पर प्रयागराज में ‘अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग’ का आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में ह्लअस्मिता महिला एथलेटिक्स लीगह्व का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

यह प्रतियोगिता युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल अरटक्खअ हङ्खील्लह्नर छीं४ी के अंतर्गत माय भारत प्रयागराज, भारतीय खेल प्राधिकरण और खेल विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त समन्वय से डीं’ङ्क क्ल्ल्ीं योजना के ह्यस्पोट्र्स फॉर विमेनह्व घटक के तहत आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह रहीं। उन्होंने अंडर-18 वर्ग की 400 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए दोगुनी मेहनत और आत्मविश्वास की जरूरत होती है।

प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ की स्पधाएं विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की गईं। इसके साथ ही प्रतिभागियों के लिए मनोरंजक सामूहिक खेल रस्साकशी भी आयोजित किया गया, जिसमें विजेता टीमों को प्रमाणपत्र, टी-शर्ट और पदक देकर सम्मानित किया गया।

दौड़ प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाणपत्र, टी-शर्ट और मेडल सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, माय भारत प्रयागराज की उपनिदेशक जागृति पांडेय तथा क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार द्वारा प्रदान किए गए।

अंडर-13 वर्ग में 100 मीटर में ईशानवी यादव तथा 200 और 400 मीटर में इशिता ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-18 वर्ग में खुशी यादव ने 100, 200 और 400 मीटर तीनों स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 100 और 200 मीटर में रेशमी यादव तथा 400 मीटर में पूजा पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में पूर्व चैंपियन एथलीट अक्षत कुमार ने खेलो इंडिया के समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उप क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद का भी विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के क्रीड़ा सचिव बृजेश सहित कई अधिकारी और खेल प्रेमी मौजूद रहे। माय भारत प्रयागराज की इस पहल को महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन देवी प्रसाद और अमरेश दुबे ने किया।

## डभांव में खड़ी ट्रक में लगी आगः फायर ब्रिगेड ने पाया काब



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के रीवा राजमार्ग पर स्थित डभांव में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में अचानक अग लग गई। आग की लपटें देखकर सपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड स्टेशन नैनी को सूचना दी। दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग इतनी भीषण थी कि राजमार्ग पर दोनों ओर से आने वाले वाहनों को रोकना पड़ा, नैनी पुलिस भी मौके पर पहंची और स्थिति को संभाला। ट्रक चालक राम बहादुर, जो चित्रकूट के मऊ थाना क्षेत्र का निवासी है, ने बताया कि वह अपनी गाड़ी खड़ी कर मिस्त्री बुलाने गया था, तभी अचानक आग लग गई। उन्होंने बताया कि गाड़ी मालिक अनिल सिंह हैं।

# होली मिलन व महिला दिवस का भव्य आयोजन



**झूंसी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माधव कॉलोनी (नारायण दास पुरा) में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी देवंती सिंह, अभिषेक सिंह और प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक समरसता की झलक देखने को मिली।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी एवं विधायक फूलपुर दीपक पटेल रहे। दोनों अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों को क्षेत्र की सड़क, नाली और बिजली जैसी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का ठोस आश्वासन दिया। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार चौरसिया के कुशल संचालन किया। आयोजित इस कार्यक्रम में प्रियंका उपाध्याय, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, उर्मिला यादव, पीएन पांडे और भानु प्रधान सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महिला दिवस पर मिलिट्री हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर महिलाओं को दी गई जांच व परामर्श सेवाएं





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर Military Hospital Prayagraj की ओर से रविवार को कोबरा ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और उनके परिवारों को निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती दीपिका डागर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित एक नाटक और व्याख्यान भी प्रस्तुत किया गया। इसमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मोटापे जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते खतरे और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई।

चिकित्सा शिविर में महिलाओं और उनके परिवारों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराए गए। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षण, ईएनटी परामर्श, अस्थि घनत्व जांच, स्त्री रोग परामर्श, त्वचा रोग परामर्श, दंत परीक्षण, टीकाकरण, आहार विशेषज्ञ परामर्श और प्रयोगशाला जांच जैसी सेवाएं दी गईं।

आयोजकों के अनुसार शिविर में 25 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, 15 नेत्र परीक्षण, 15 ईएनटी परामर्श, 69 अस्थि घनत्व जांच, पांच स्त्री रोग परामर्श, 18 त्वचा रोग परामर्श, आठ दंत परीक्षण, एक टीकाकरण, चार आहार विशेषज्ञ परामर्श और 10 प्रयोगशाला जांच की गईं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय-समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित करना है।

मिलिट्री हॉस्पिटल प्रयागराज की ओर से कहा गया कि भविष्य में भी सेवा कर्मियों, उनके परिवारों और आम नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता और चिकित्सा सेवाओं से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## अरैल में होली पर्व के पश्चात स्वच्छता अभियान चलाया गया



**नैनी।** नैनी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वाधान में चलने वाले दूसरे रविवार को स्वच्छता अभियान के तहत श्री शूलटांकेश्वर मंदिर अरैल में चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव के नेतृत्व शूलटांकेश्वर महादेव मंदिर अरैल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया इन्होंने लोगों से अपील की जिस तरह से आप अपने घरों को साफ सुथरा और स्वच्छ रखते हैं। ठीक उसी प्रकार देवालय हो गंगा घाट हो इन सभी पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए होली पर्व के पश्चात मंदिर परिसर में काफी गंदगी देखने को मिली सरस्वती परिवार के लोगों ने इस गंदगी को साफ किया और एक सुर में सभी लोगों से निवेदन किया की गंगा घाटों को एवं शिव मंदिर व अन्य मंदिर को स्वच्छ बनाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, शशिकांत पांडेय, इंदु प्रकाश सिंह, प्रियांशु उपाध्याय, धीरज रजवानी, शैलेंद्र पाल, नीरज पांडेय, विनोद गुरानी, सौरभ यादव, गौरव यादव, आर्यन यादव आदि लोगों ने स्वच्छता अभियान में बढ़-चढकर हिस्सा लिया।

# मेजारोड नवीन मंडी के समीप घनी झाड़ियों के बीच रोती मिली लावारिस नवजात बच्ची

### राहगीरों और मंडी कारोबारियों की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 नंबर पुलिस नवजात को चिल्ड्रन अस्पताल में कराया भर्ती

**मेजा।** मेजारोड स्थित नवीन मंडी स्थल के समीप घनी झाड़ियों में बीती शनिवार की एक नवजात बच्ची मिली है बच्ची की रोने की आवाज कुछ राह चलते लोगों ने सुना तो वे बच्ची के पास पहुंचे और इसकी जानकारी मंडी कारोबारियों के साथ साथ डायल 112 नंबर पर भी दिया जिसके मौके पर पहुंची पुलिस नवजात बच्ची को अपने कब्जे में लिया। इस दौरान डायल 112 नंबर पुलिस इस बात के लिए प्रयास करती रही कि हो सकता है किसी ने बच्ची को चुराकर रंजिशन कहीं फेक न दिया हो पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी बच्ची के परिजनों का कोई सुराग नहीं मिला तो भूख से तड़प रही नवजात को आनन फानन चिल्ड्रन हॉस्पिटल प्रयागराज में दाखिल करा दिया है। जहां उसका दवा इलाज चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि घने झाड़ियों के बीच फेंकी गई इस नवजात बच्ची के साथ जिस किसी ने इतनी बड़ी बेरहमी के साथ पाप किया है ईश्वर कभी उसे माफ नहीं करेंगे। वैसे भी लोग सच ही कहते हैं कि जिसके ऊपर ईश्वर की कृपा हो उसे मौत छू भी नहीं सकती है। फिलहाल मेजा पुलिस ने इस संबंध में यह अपील किया है कि यदि किसी की बच्ची खोने की घटना सामने आये तो तुरंत मेजा पुलिस को सूचित करें।

## जमीनी विवाद में मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज



**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी महेंद्र कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय राम पाल मिश्रा का आरोप है कि वह पड़ोसी के यहां कथा सुन रहा था। आरोप है कि तभी उनके विपक्षी जिनसे उनका जमीनी विवाद चल रहा है।उसे घसीट कर मारे पीटे गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। महेंद्र कुमार मिश्रा ने मऊआइमा थाना में गांव के ही दीपक कुमार मिश्रा, शशीधर मिश्रा तथा एक अन्य सहयोगी सोनू यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मांडा क्षेत्र के सराय कला से अगवा एलकेजी छात्र वाराणसी से बरामद

### पुलिस की घेराबंदी देख वाराणसी नमो राजघाट पर बच्चे को छोड़कर भागे, रिश्ते के मामा ने किया था अपहरण

**प्रदीप कुमार सोनकर**

**मांडा।** प्रयागराज के मांडा थानांतर्गत सराय कला से फिल्मी स्टाइल में अगवा किए गए छङ्काॠछात्र को पुलिस ने बरामद कर लिया। छात्र को वाराणसी के नमो घाट से पुलिस ने सकुशल बरामद किया। पुलिस की घेराबंदी देख अपहरणकर्ता बच्चे को छोड़कर निकल भागे। पुलिस टीमों ने पहले बच्चे को सुरक्षित अपने पास लिया। इसके बाद बदमाशों का पीछा शुरू किया। दो टीमें नमो घाट पर ही कई संदिग्धों को पकड़ कर पूछताछ कर रहीं है।

बच्चे ने पुलिस को जो जानकारी दी वह सनसनीखेज है। इससे साफ हुआ है कि बच्चे का अपहरण उसके रिश्ते में मामा लगने वाले युवक ने किया था। पुलिस प्रतीक के रिश्तेदार मामा और उसके साथियों की तलाश में जुटी है।

**अब पढ़िए अपहरण की कहानी**

6 साल के प्रतीक को सरेआम अगवा करने वाले बदमाश जाने पहचाने निकले हैं। प्रतीक का ननिहाल यानि उसकी मां आरती का मायका करछना थाना क्षेत्र के बबुरा गांव में हैं। शुरूआती जांच से साफ हुआ है कि आरोपी उसी गांव के हैं।

मासूम बच्चे की बरामदी के बाद पुलिस ने धीरे धीरे सब जानने की कोशिश की। बच्चे से साफ किया कि उसे मामा और उनके दोस्त ले गए थे। पुलिस ने अभी सारे राज नहीं खोले हैं, लेकिन इतना साफ है कि बच्चे का अपहरण फिरौती और अन्य वजहों से नहीं बल्कि खुन्नस में किया गया था।

**अपहरणकर्ता ने मां को किया था कॉल**

प्रतीक की मां आरती के पास अपहरणकर्ता ने कॉल भी की थी। मां ने उसके नंबर को ब्लाक किया हुआ था। मोबाइल की जांच से अपहताओं के नंबर का पता चला। इसके बाद लोकेशन वाराणसी में ट्रेस हुई। रात से पुलिस और बदमाशों के बीच चूहे बिल्ले का खेल चलता रहा। अंत में लोकेशन नमो घाट मिली तो पुलिस ने घेराबंदी कर ली। इसके बाद बदमाश बच्चे को छोड़कर भीड़ में गुम हो गए।





पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वाराणसी में पुलिस टीमें छापेमारी में जुटी हैं। बच्चे को लेकर एक टीम प्रयागराज के लिए चल दी है। बताते हैं कि आरोपी करछना के बबुरा गांव के रहने वाले हैं।

प्रतीक की सकुशल बरामदगी की खबर पुलिस ने उसके घरवालों को दी है। परेशान परिजनों ने प्रतीक के मिल जाने के बाद खुशियां मनाई। घर पर जमा भीड़ ने मिठाई बांटीं। साथ ही पुलिस जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

**अखिलेश नेन कहा- पुलिसवाले प्रशंसा के पात्र**

वहीं बच्चे की बरामदगी पर अखिलेश यादव ने कहा-प्रयागराज में एक मासूम के सकुशल घर लौटने पर जो खुशी उसके परिवारवालों को हो रही है, वो हम सब परिवारवालों को भी हो रही है। जिन पुलिसवालों ने इस कार्रवाई में मुस्तैदी से अपना कर्तव्य निभाया है, वो सब प्रशंसा के पात्र हैं। भाजपा सरकार अगर पुलिस को भ्रष्टाचार के लिए बाध्य न करें तो अभी भी अधिकांश पुलिसकर्मी अपना फर्ज पूरी ईमानदारी से निभाने के लिए तत्पर रहते हैं। यदि पुलिस पहले से ही सक्रिय रहे तो अपराध घटित ही न हों।

डीसीपी यमुनानगर विवेक कुमार यादव ने बताया- बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया है। अपहरण करने वाले बदमाशों क तलाश में टीमें छापेमारी कर रही हैं। जांच और बच्चे से पूछताछ में साफ हुआ है कि उसका अपहरण रिश्ते में मामा लगने वाले शख्स ने किया था। दूसरे आरोपियों को भी बच्चा मामा ही बोलता था। आरोपियों के पकड़ने के बाद पूरी कहानी और वजह साफ हो सकेगी।

**स्कूल वैन से आता-जाता था मासूम**

मांडा के सराय कला गांव का रहने वाला प्रतीक शर्मा (6) रामनगर में सोनार का तारा स्थित स्कूल में छङ्काॠ में पढ़ता है। दादा नागेश्वर प्रसाद ने बताया- प्रतीक रोज की तरह शनिवार को भी स्कूल गया था। स्कूल गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर है। बच्चा स्कूल वैन से आता-जाता था।

**सफेद रंग की ऑल्टो कार से आए बदमाश**

दादा ने बताया- रोज की तरह शनिवार को भी शाम 4 बजे उसे स्कूल वैन छोड़ने गांव में आई। पहले की तरह घर से करीब 150 मीटर दूर वह वैन से उतरा। मैं वहां पहुंच ही रहा था कि 20 कदम की दूरी पर एक कार रुकी। उसमें बैठे लोगों ने मुझसे जेवनियां गांव जाने का रास्ता पूछा।

मैं उनको रास्ता बता रहा था कि प्रतीक के वैन से नीचे उतरते ही वे लोग उसे खींचकर कार में बैठा लिए और भाग गए। उन्होंने बताया- कार की नंबर प्लेट टूटी थी। इस वजह से नंबर दिखा नहीं। मैंने शोर मचाया, कार के पीछे भागा भी। लेकिन कुछ नहीं कर पाया। मैं बदहवास होकर जमीन पर गिर गया। मैंने दोनों बदमाशों को पहले कभी नहीं देखा है।

**बच्चे के पापा मुंबई में सिक्योरिटी गार्ड**

प्रतीक के पिता ओम प्रकाश शर्मा मुंबई के एक अपार्टमेंट में सिक्योरिटी गार्ड हैं। गांव में उनकी पत्नी, दो बच्चों के अलावा उनके पिता नागेश्वर रहते हैं। ओम प्रकाश के दो बच्चों में 6 साल का प्रतीक बड़ा है। उससे छोटी एक बेटी है, जो तीन साल की है।

उधर, पिता ओम प्रकाश को मुंबई में जब बेटे के अपहरण की सूचना दी गई, तो वह बेहोश हो गए थे। परिजन के अनुसार, शनिवार रात को वह प्रयागराज आने के लिए चल दिए थे।

# टी-20 विश्व कप फाइनल का शहर में उत्साह चौराहों और गलियों में लगाकर देखा गया मैच



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** टी-20 विश्व कप फाइनल मुकाबले को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। मैच देखने के लिए कई चौराहों और गलियों में बड़े टीवी लगाए गए, जहां लोगों ने सामूहिक रूप से बैठकर मुकाबले का आनंद लिया। शहर के जीरो रोड, जॉनसेनगंज, लोकनाथ गली, चौक घटाघर, कोठापार्चा, लक्ष्मण मार्केटर ठठेरी बाजार समेत कई स्थानों पर गली-मोहल्लों में टीवी लगाकर लोगों ने मैच देखा।

मुकाबले के दौरान जैसे ही भारतीय टीम के बल्लेबाजों ने चौके और छक्के लगाए, वैसे ही दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। लोग तालियां बजाते और भारत के समर्थन में नारे लगाते दिखाई दिए।

भारत की जीत के बाद शहर के विभिन्न इलाकों में देर रात तक जश्न का माहौल रहा। युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों ने सड़कों पर नाच-गाकर खुशी मनाई और एक-दूसरे को बधाई दी।

# होली मिलन का मतलब है समाज में आपसी प्रेम भाईचारा और सौहार्द का संदेश देना : बृजेश प्रजापति

### मेजारोड स्थित पटेल गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के तत्वावधान में प्रजापति समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

**मेजा।** राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के तत्वावधान में रविवार को मेजारोड पटेल मार्केट स्थित पटेल गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि तिंदवारी बांदा के पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि प्रयागराज हाई कोर्ट के शासकीय अधिवक्ता प्रजापति सुरेश कुमार वर्मा रहे। इस दौरान समारोह में बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम प्रजापति ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और आपसी भाईचारे




प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजक एवं राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता अवधेश प्रजापति और संगठन मंत्री राकेश प्रजापति ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार जताते हुए स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं तिंदवारी बांदा के पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति ने उपस्थित लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि होली मिलन समारोह का मतलब है समाज में आपसी प्रेम सौहार्द भाईचारे और समरसता का संदेश देना है। उन्होंने आगे कहा कि आज के परिवेश में हमारे प्रजापति समाज को जागरूक करना बेहद अहम हो गया है क्योंकि समाज की जागरुगता ही उनका सामाजिक और राजनीतिक विकास की कुंजी है। इस मौके पर शासकीय अधिवक्ता सुरेश वर्मा, गायत्री प्रजापति, महेश प्रजापति, हरी प्रजापति, डीके प्रजापति,शिवम प्रजापति, अभिषेक प्रजापति, अधिवक्ता नीरज प्रजापति तथा बबलू प्रजापति आदि के अलावा बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# होली केवल रंगों का पर्व नहीं बल्कि आपसी प्रेम और भाईचारे का है प्रतीक : बाबा तिवारी

### विसहिजन कला स्थित सुंदरम गेस्ट हाउस में यमुनापार विकास मंच के तत्वावधान में होली मिलन समारोह आयोजित, कार्यक्रम के दौरान गायक अमित मिश्रा रितिक तिवारी और शालू विश्वकर्मा ने बिखेरा जलवा

**मेजा।** सुंदरम गेस्ट हाउस में रविवार को यमुनापार विकास मंच के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि विकासखंड उरूवा के बिसहिजन कला अंधियारी नगर में हुए इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जन प्रतिनिधि समाजसेवी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम तथा सौहार्द का संदेश दिया। यमुनापार विकास मंच के अध्यक्ष और कार्यक्रम के मुख्य आयोजक बाबा तिवारी ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं बल्कि यह आपसी प्रेम, भाईचारे और



बिसहिजन के होली मिलन समारोह में मौजूद क्षेत्र के गणमान्य लोग

सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। श्री तिवारी ने आगे कहा कि यमुनापार क्षेत्र के विकास के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द बनाए रखना मंच की प्रमुख प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। समारोह में गायक अमित मिश्रा, रितिक तिवारी और शालू विश्वकर्मा ने मनमोहक होली गीत प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया और उपस्थित लोगों ने खूब तालियां बजाईं और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में आए सभी लोगों के लिए मिष्ठान और जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे से मेलजोल कर होली पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर तुलसीदास तिवारी, राम शिरोमणि तिवारी डॉ. अमरेश तिवारी, निलेश तिवारी, हेमंत द्विवेदी, ओपी पांडेय, विनायक शुक्ला,रामबाबू मिश्रा, विकास शुक्ला, सुभाष पयासी, बसंत शुक्ला, अनीस मिश्रा सोनू, सत्यम तिवारी, धीरू शुक्ला, अनुज तिवारी, राजू पटेल, राजीव गहरवार तथा राकेश मिश्रा आदि के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# तरुण चेतना ने किया महिला दिवस का आयोजन

## महिलाओं व बेटियों के विकास में दिल खोल कर दान करें : सीमा देवी

**अखंड भारत संदेश**




**पट्टी।** 8 मार्च को तरुण चेतना एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में पट्टी तहसील क्षेत्र के भूलन गंज, रामपुर बेला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं व बालिकाओं के अधिकारों व उनसे सम्बंधित कानूनों पर खुल कर चर्चा की गई।

इस अवसर पर तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की मुख्य थीम ह्लदान से लाभह्व रखी गई, जिसका उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सहयोग, समर्थन और संसाधनों को साझा करने की भावना को बढ़ावा देना है, ताकि पूरे समाज को समानता और प्रगति का लाभ मिल सके। श्री अंसारी ने जोर देकर कहा कि यह दिवस लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए समाज के सभी वर्गों को एक-दूसरे की मदद करने के लिए प्रेरित करता है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करना, उनके सपनों को साकार करने में सहयोग देना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर संस्था की मानव संसाधन अधिकारी हुश्ननारा बानो ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं और उनके बिना किसी भी समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आपसी सहयोग से महिलाएं अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकती हैं तथा समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।मंच से संगीता शिवानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित और सशक्त होंगी तभी परिवार, समाज और देश की प्रगति सुनिश्चित होगी। शोभावती ने अपने संबोधन में कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे एक-दूसरे का सहयोग करें और सामाजिक बंधनों से निकलकर अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें।कार्यक्रम में संजू देवी ने कहा कि महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समानता के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने महिलाओं से शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।इस महिला दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा चौरसिया ने की, जिन्होंने बेटियों के सशक्तिकरण के लिए सबसे ज्यादा दान देने की अपील की. कार्यक्रम का संचालन शकुंतला द्वारा किया गया। इस अवसर पर नाजरीन, गुलाब, लालसा, संगीता, शांति देवी, कलावती देवी, हकीम अंसारी, रजनीश कुमार, श्याम शंकर, गार्गी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे जिसमें महिलाओं की आवाज को बुलंद करने और उन्हें हर स्तर पर सहयोग प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया।कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं व पुरुषों ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की सामूहिक शपथ लिया।

## गायत्री माता का विधिविधान से हुआ पूजन अर्चन, उमड़े श्रद्धालु

**लालगंज।** नगर के हरिहर मंदिरम् में रविवार को गायत्री माता के पूजन एवं हवन यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संयोजन में हुए धार्मिक कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री माता के पूजन अर्चन के साथ हुआ। संयोजक गायत्री परिवार के डा. वीरेश सिंह की अगुवाई में सामूहिक सुन्दरकाण्ड में श्रद्धालुओं को भावविभोर देखा गया। वहीं हनुमान चालीसा एवं आरती में भी श्रद्धालु श्रीराम नाम संकीर्तन में भक्तिभाव में दिखे। कार्यक्रम में नाद योग साधना, माला जप में भी श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति समर्पण भाव में देखा गया। कार्यक्रम का संचालन जय प्रकाश मिश्र व सहसंयोजन प्रीति सिंह ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, आचार्य रामअवधेश मिश्र, प्रीतेन्द्र ओझा, पं. अशोक तिवारी, राजीवनाथ पाण्डेय, अशोक मिश्र, जीत लाल पटेल, ज्योति सिंह, धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता के पिता के निधन पर शोक संवेदना जताने पहुंचे राजा भइया

**अखंड भारत संदेश**



**कुंडा।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंडा विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने अपने सक्रिय कार्यकर्ता, फूलमती गांव निवासी सुमित तिवारी के पिता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। राजा भइया ने व्यक्तिगत रूप से उनके घर पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।राजा भइया ने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उनकी स्थिति को समझा और दुख को साझा किया। उन्होंने कहा कि यह परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में वे अकेले नहीं हैं। राजा भइया ने कहा कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक हमेशा अपने कार्यकताओं और उनके परिवारों के साथ खड़ा रहता है और हर संभव मदद के लिए तत्पर है।कार्यकर्ता सुमित तिवारी के पिता के निधन पर राजा भइया ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि एक पिता का जाना परिवार के लिए सबसे बड़ा दुख होता है। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि किसी भी परिस्थिति में वे और उनकी पार्टी उनके साथ खड़े रहेंगे। राजा भइया ने यह भी कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं और उनकी हर खुशी और दुख में शामिल होना पार्टी का कर्तव्य है।राजा भइया ने अपने कार्यकताओं और जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि राजनीति केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता के सुख-दुख में शामिल होकर उनके जीवन को बेहतर बनाना ही असली जनसेवा है। इस दौरान राजा भइया के बड़े बेटे कुंवर शिवराज प्रताप सिंह समेत जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आवेदन की तिथि 20 मार्च तक बढ़ी

**प्रतापगढ़।** उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह ने बताया कि विकास खंड मानधाता के ग्राम पंचायत भावलपुर में रिक्त उचित दर (राशन) दुकान के आवंटन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। यह दुकान निर्धारित आरक्षण ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत आवंटित की जानी है और चयन तहसील स्तरीय चयन समिति द्वारा लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इससे पहले इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र 06 मार्च 2026 तक मांगे गए थे लेकिन ग्राम प्रधान भावलपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि कई आवेदकों के चरित्र प्रमाण पत्र समय से जारी नहीं हो सके हैं। ग्राम प्रधान के अनुरोध को देखते हुए ने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 मार्च 2026 की सायं 5 बजे तक कर दी है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि आवेदन से संबंधित पात्रता और अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ब्लॉक सभागार में महिलाओं को किया गया सम्मानित



**कुंडा।** बाबागंज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बाबागंज ब्लॉक सभागार में पंचायत राज विभाग की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक क्षेत्र में कार्यरत महिला पंचायत सहायकों और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य और समाज में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत केवला प्रसाद ने कार्यरत पंचायत सहायक प्रतिमा कोरी, शिवांशी द्विवेदी और सोनाक्षी सिंह,रश्मि सहित कई महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान रहा है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। एडीओ पंचायत ने कहा कि ग्रामीण विकास और पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने में महिला पंचायत सहायकों का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें सम्मान देने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण कुमार, पंचायत राज विभाग के विपिन कुमार, संदीप कुमार सरोज सहित अन्य कर्मचारी और लोग मौजूद रहे। सभी ने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज झरोखा

### कार्य में प्रगति लाने का दिया निर्देश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं उप जिलाधिकारी सदर नैंसी सिंह के निर्देशन में भारत निर्वाचन आयोग विशेष प्रगाण पुनरीक्षण 2026 उत्तर प्रदेश नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी कार्य की प्रगति का एईआरओ बृजेश वर्मा एवं सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा ने भ्रमण किया। 248 प्रतापगढ़ के बूथ रूपापुर सहकारी समिति एवं सगरा आदि बूथों का भ्रमण कर लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया और कहा कि लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी एवं नो मैपिंग में जहां पर अभी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है उसे तत्काल पूर्ण करे। मतदाता से संपर्क कर कार्य में तेजी लाएं जिससे समय से एस.आई. आर. कार्य समाप्त हो सके। आप लोगों को कहीं भी समस्या हो तो तत्काल हमें अवगत कराए जिससे समय से समाधान किया जा सके। इस अवसर पर बी एल ओ शिवराम पाल, भावना ,सुधा शर्मा, कमला ,सुषमा एवं मतदाता उपस्थित रहे।

### बेस्ट निर्माता निर्देशक सम्मान से नवाजे गए मंजुल ठाकुर



**प्रतापगढ़।** बेल्हा के जमीं पर दर्जन भर से अधिक भोजपुरी सिनेमा का निर्माण कर फिल्म जगत में एक अलग पहचान स्थापित कर चुके भोजपुरी फिल्म के निमार्ता निर्देशक मंजुल ठाकुर को बेल्हा के रखहा बाजार क्षेत्र में चल रही एक भोजपुरी फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें रविवार को बेस्ट निमार्ता निर्देशक सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें शिवाला महोत्सव की ओर से महोत्सव के संयोजक शिवेश शुक्ल एडवोकेट की ओर से दिया गया। बता दें कि मंजुल ठाकुर एक भारतीय फिल्म निमार्ता हैं,जो भोजपुरी फिल्म उद्योग में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने बेल्हा में भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल निरहुआ को लेकर फिल्म गोवर्धन का शूटिंग शुरू किया तो बेल्हा की जमीं भोजपुरी सिनेमा बनाने का सिलसिला जारी रहा है अब तक यहां पर उन्होंने दर्जन भर से अधिक भोजपुरी फिल्म का निर्माण कर भोजपुरी फिल्म उद्योग में धूम मचा रखा है। बेल्हा में भोजपुरी सिनेमा के निर्माण से यहां के कलाकारों को भी अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है। सम्मान पाकर फिल्म निमार्ता निर्देशक मंजुल ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।इस मौके पर मुकेश दूबे, फिल्म अभिनेता प्रेम दूबे, सूर्य प्रताप सिंह, रागिनी सिंह,भरत सिंह प्रधान सहित तमाम कलाकार मौजूद रहे।

### प्रतिभा खोज परीक्षा में आकांक्षा अव्वल




**कुंडा।** दिव्य भारत अकादमी बहरिया रहवई की ओर से आयोजित प्रतियोगी प्रतिभा खोज परीक्षा के परिणाम में आकांक्षा पहले, अमन दूसरे तथा साधना तीसरे स्थान पर रही। सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने विचार रखे। अकादमी के डायरेक्टर आशीष पांडेय ने अतिथियों को सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षक मनीष पांडेय, ब्राम्हण समाज के जिला संरक्षक सुरेश पांडेय, सभासद शशि द्विवेदी, अधिवक्ता श्रीकृष्ण शुक्ल, अजय शुक्ल, अवध नारायण शुक्ल, विपिन तिवारी, गोलू नेता, टीएन शुक्ल, आलोक पांडेय, वीरेन्द्र तिवारी, रणजीत, विनोद आदि मौजूद रहे।

### छह पर बलवा दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**पट्टी।** आसपुर देवसरा इलाके के परसद नई बस्ती निवासी राजेश कुमार गौतम की तहरीर पर उनके बेटे विजय कुमार को गांव में पहुंचकर मारपीट, गाली गलौज तथा जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने पर शुभम पटेल बहुता, सचिन पटेल रमईपुर, अजीत पटेल रमईपुर, प्रमोद पटेल ठनेपुर, शुभम सरोज पृथ्वी गंज तथा शुभम पटेल निवासी गोविंदपुर आसपुर देवसरा पर बलवा, मारपीट, दलित उत्पीड़न समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। तहरीर में बताया गया है कि बीते 5 मार्च की रात्रि 10 बजे उनके बेटे विजय कुमार के मोबाइल पर गाली गलौज की गई। जिसको लेकर शनिवार को दो बव्यक्ति आए और उसे अपने साथ ले जाने की बात करने लगे। जब उसने मना किया तो दो घंटे बाद सभी नामजद आरोपी अपने साथियों के साथ अपनी बाइक से पहुंचे और बेटे को गाली गलौज देते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया और उस पर हमला बोल दिया। पत्नी आशा देवी बचाव करने गई तो उसे भी मारा पीटा शोर गुल पर ग्रामीण इकट्ठा हुए तो जान से मारने की धमकी देते हुए कुछ आरोपी भाग निकले। ग्रामीणों की मदद से दो युवकों को बाइक के साथ पकड़ लिया। जिनके पास से एक एयर गन भी मिली है। भागे हुए व्यक्तियों के पास असलहे भी थे। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई जो मौके पर पहुंची और पकड़े गए शुभम पटेल निवासी निवासी बहुत कोतवाली पट्टी तथा शुभम पटेल निवासी गोविंदपुर आसपुर देवसरा को अपने साथ लेकर गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी नामजद आरोपियों के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज, बलवा, दलित उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी समेत विभिन्न धाराओं में रविवार को प्राथमिकी दर्ज की है।

### पांच पर मारपीट का दर्ज हुआ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना को लेकर दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाने के दरोगा रोहित कुमार बीती छह मार्च को गश्त पर निकले थे। इसी दौरान पिचूरा में हुई दो पक्षों में मारपीट की घटना की सूचना पर वहां पहुंचे। जांच में घटना सत्य पाये जाने पर दरोगा ने दोनों पक्ष के ईशू सरोज व गांधी सरोज पुत्रगण अवधेश सरोज एवं दूसरे पक्ष के अमन गुप्ता पुत्र भगवानदीन, अर्पित गुप्ता पुत्र अंजनी तथा तेजा शर्मा पुत्र शीतला प्रसाद के खिलाफ तहरीर दी। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न, 67.68 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत संचालित अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु जनपद प्रतापगढ़ में रविवार को प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण व नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 67.68 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड काल में निराश्रित हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के पात्र बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के उद्देश्य से अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में चयनित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवासीय सुविधा, उच्च तकनीकी शिक्षा, भोजन, पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म, खेल-कूद तथा स्मार्ट क्लास जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति के निर्णय के अनुसार अटल आवासीय विद्यालय बेलहट कोरांव (प्रयागराज) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-6 में 160 (80 छात्र व 80 छात्राएं) तथा कक्षा-9 में 61 (30 छात्र व 31 छात्राएं) विद्यार्थियों का प्रवेश किया जाना है। जनपद प्रतापगढ़ में मुख्य विकास अधिकारीध्नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में कुल 653 अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र सही पाए गए। प्रवेश परीक्षा को पारदर्शी व नकलविहीन बनाए रखने के लिए जिला सेवायोजन अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया तथा संत अंथोनी इंटर कॉलेज, प्रतापगढ़ को परीक्षा केंद्र बनाया गया। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी व अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। 08 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 1रू30 बजे तक आयोजित परीक्षा में कक्षा-6 के 313 अभ्यर्थियों में से 216 उपस्थित रहे, जबकि 97 अनुपस्थित रहे। वहीं कक्षा-9 के 340 अभ्यर्थियों में से 226 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 114 अनुपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारीध्नोडल अधिकारी तथा सहायक श्रमायुक्त सुविज्ञ सिंह के मार्गदर्शन में प्रवेश परीक्षा पूरी पारदर्शिता, शुचिता और शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराई गई।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना आसपुर देवसरा पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना आसपुर देवसरा के उपनिरीक्षक सचिन कुमार मय हमराह हेड कांस्टेबल पवन नायक व कांस्टेबल अरविंद यादव क्षेत्र में जांच प्रार्थना पत्र, देखभाल क्षेत्र तथा वांछितध्वारंटी अभियुक्तों की तलाश में निकले थे। इसी दौरान अभियुक्त भीमदास पुत्र स्व. शोभनाथ निवासी केतकरपुर थाना आसपुर देवसरा को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं एक अन्य कार्रवाई में थाना आसपुर देवसरा के उपनिरीक्षक जावेद अहमद मय हमराह उपनिरीक्षक सचिन कुमार पटेल द्वारा क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान वारंटी अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र अजुब नारायण निवासी मझिगंवा थाना आसपुर देवसरा को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया है।

# नगर में कलश यात्रा में भक्तिभाव में झूमे भक्त, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा



**लालगंज।** नगर में रविवार को श्रीमद् भागवत कथा को लेकर निकली कलश यात्राओं में श्रद्धालुओं को भक्तिमय माहौल में देखा गया। अबीर गुलाल उड़ाते श्रद्धालु कलशयात्रा में भगवान द्वारिकाधीश के जयघोष में आनन्दित दिखे। नगर के पूरे स्वामी से कथा व्यास स्वामी श्री योगेश्वराचार्य जी महाराज की अगुवाई में गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा विद्या मंदिर मार्ग होते हुए नेशनल हाईवे के श्री हनुमत निकेतन पहुंची। इसके बाद कलश यात्रा चैक होते हुए घुइसरनाथधाम रोड से नहर मार्ग से कथा स्थली पहुंची। संयोजक रमाकांत मिश्र एवं राजकुमार मिश्र तथा मनीष मिश्र की अगुवाई में श्रद्धालुओं को पुष्पवर्षा भी करते देखा गया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा विधायक मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने हनुमत निकेतन पर श्रद्धालुओं के साथ जगत्गुरू स्वामी श्री योगेश्वराचार्य जी महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पहले दिन की कथा में योगेश्वराचार्य जी ने भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का सुन्दर वर्णन किया। सहसंयोजिका द्रोपदी मिश्र ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर डा. ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी, पप्पू तिवारी, विद्याशंकर मिश्र, ज्ञानू तिवारी, राजेश मिश्र, शिवशंकर मिश्र, अरूण मिश्र, उमाशंकर मिश्र आदि रहे। वहीं नगर पंचायत के जलेसरगंज रोड के लालूपुर मोड से भी श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कथा व्यास धर्मेश हरि जी महाराज की अगुवाई में भी भव्य कलश यात्रा निकली दिखी। कलश यात्रा लालगंज चैक होते हुए हनुमत निकेतन व रायबरेली रोड के श्रीहरिहर मंदिरम् एवं जंगलीवीर बाबा होते हुए दोपहर बाद कथा स्थली पहुंची। संयोजक नंदलाल कौशल एवं अंतिमा कौशल ने श्रद्धालुओं का टीका अभिषेक किया। सभासद आशीष कौशल की अगुवाई में नगर के व्यापारियों को कलशयात्रा में भगवान का जयघोष भी करते देखा गया। इस मौके पर जय कौशल, ओंकारनाथ वैश्य, चंदन कौशल, राहुल कौशल, कृष्णलाल कौशल, बनारसी कौशल, रमाशंकर कौशल, केदारनाथ कौशल आदि रहे।

# जनसत्ता दल के विशेष कार्यक्रम जनप्रतिनिधि आपके द्वार में जनता से सीधा संवाद



**कुंडा।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के निर्देश पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का विशेष कार्यक्रम जनप्रतिनिधि आपके द्वार के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत जाखामई, मवईकला, अलुवामई, दुलुवामई, इटौरा एवं पीरानगर में जनता से सीधा संवाद किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतापगढ़ वर्तमान एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने जनता की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के दौरान गोपाल जी ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं, विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का असली कर्तव्य जनता के बीच जाकर उनकी परेशानियों को समझना और उन्हें हल करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनसत्ता दल का उद्देश्य केवल राजनीति करना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है।इस मौके पर लाक प्रमुख कुंडा संतोष सिंह जिला पंचायत सदस्य विनोद पटेल सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे। इन नेताओं ने भी जनता को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं जैसे सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी परेशानियों को खुलकर रखा। गोपाल जी ने सभी मुद्दों पर ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों और विभागों से तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में कोई भी बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता को उनका हक दिलाने के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे।जनप्रतिनिधि आपके द्वार कार्यक्रम जनसत्ता दल का एक अनूठा प्रयास है, जो जनता और उनके प्रतिनिधियों के बीच की दूरी को कम करता है। इस पहल के माध्यम से जनता को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सीधा संवाद करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के अंत में गोपाल ने सभी ग्रामवासियों को भरोसा दिलाया कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक हमेशा उनकी सेवा में तत्पर रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ा रहना है।

## आज कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी विधायक मोना

**लालगंज।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज सोमवार को दिन में बारह बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं की बैठक में शामिल होंगी। इसके बाद वह यहां जन समस्याओं की सुनवाई करेंगी। विधायक मोना दिन में तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगी। वहीं एक दिवसीय दौरे में वह क्षेत्र के देउम पश्चिम, बैजलपुर दलापट्टी, आहर बीहर, पूरे लोका, सेमरा, अमावां में भी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

## ग्राम सभा अमिलहा में महिलाओं को किया गया सम्मानित




**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निदेर्शानुसार हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ प्रतापगढ़ जिले के मिशन के अंतर्गत विकास खंड मांधाता के ग्राम सभा अमिलहा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर जया यादव ने 10 महिलाओं क्रमशः सुमित्रा, अंजू, मंजू, मानसी प्रजापति, रेनू, मानसी पटेल, मीना, सावित्री, रंजना, श्याम काली मिश्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रोबेशन कार्यालय के बड़े बाबू दिनेश दत्त शुक्ला, अभिजीत, वंदना शुक्ला, प्रिया जायसवाल, चाइल्ड हेल्पलाइन से रीना यादव, माधुरी मौर्य, बीनम विश्वकर्मा आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

## डेढ़ करोड़ रुपये की विकास योजनाओं पर लगी मुहर

**पट्टी।** क्षेत्र पंचायत की बैठक में डेढ़ करोड़ की विकास योजनाओं पर मुहर लगी है। बता दें ब्लॉक प्रमुख पट्टी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक दयाराम यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना, बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्पणा मिश्र ने बच्चों, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पोषण तथा पशुपालन विभाग से आए अधिकारी ने पशु चिकित्सा के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी।बीडीओ राजीव पांडेय ने 15वें वित्त व राज्य वित्त द्वारा संचलित विकास कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में एडीओ पंचायत बृजराज समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाइक सवार दो लोगों को ट्रक ने रौंदा, दोनों की मौत

## चचेरे भाई के साथ कशिया पश्चिम गांव ससुराल जा रहा था बाइक सवार युवक

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के ककोढा स्थित ओवर ब्रिज के ऊपर बाइक सवार दो लोगों को तेज रफ्तार ट्रक चालक ने पीछे से रौंद दिया है जिससे बाइक दोनों लोग बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और घटना स्थल पर तड़प तड़प कर दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है मृतक दोनों युवक चचेरे भाई बताए जाते हैं लक्ष्मण कुमार की शादी डेढ़ वर्ष पहले हुई है और वह अपने ससुराल जा रहा था दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक दोनों लोगों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी जैसे ही मृतक लोगों के घर परिवार तक पहुंची परिवार में कोहराम मच गया है रोते बिलखते परिवार और ससुराल के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।





जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के गनपा गांव निवासी लक्ष्मण कुमार उम्र 27 वर्ष पुत्र राम बहोरी अपने चचेरे भाई शनि उम्र 13 वर्ष पुत्र राम सूरत राजपूत के साथ बाइक में सवार होकर रविवार की रात्रि 8:00 बजे कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम गांव अपने ससुराल जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग में ककोढा स्थित ओवर ब्रिज पर पहुंचे पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक सवारों को कुचल दिया है जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और घटना स्थल पर ही तड़प तड़प कर दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के सैकड़ो लोग भाग कर घटना स्थल पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई लेकिन तब तक युवकों की मौत हो चुकी थी पुलिस ने मृतक युवकों के परिजनों को दुर्घटना की सूचना देने के बाद मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दो लोगों की मौत की जानकारी मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया है घटना की जानकारी जैसे उनके ससुराल में पहुंचे ससुराल के लोग भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं रोते बिलखते परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस थाना चरवा में जागरूकता चौपाल

**कौशाम्बी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत रविवार को थाना चरवा में चौपाल लगाकर बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी चायल के निर्देशन व थाना प्रभारी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। महिला उप निरीक्षक पूनम कबीर,महिला कांस्टेबल आरती यादव व म0आ0 चंचल सिंह, मिशन शक्ति टीम और एंटीरोमियो स्क्वाड ने महिलाओं को गुड टच-बैड टच, साक्षरता,आत्मरक्षा, बाल विवाह रोकथाम,ऑपरेशन खोज,साइबर सुरक्षा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। साथ ही मिशन शक्ति के तहत नारी शक्ति, नारी सम्मान,नारी सुरक्षा व नारी स्वावलंबन का संदेश देते हुए 112, 1076, 1090, 102, 1098, 1930 और 181 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्पडेस्क व एंटीरोमियो टीम के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया गया।

## अधिवक्ता और उसके दलित मजदूर को दबंगों ने लाठियों से पीटा



**करारी कौशांबी।** मंझनपुर तहसील के एक अधिवक्ता और उसका बटाई में खेत में काम करने वाले दलित मजदूर को रविवार की सुबह करारी थाना क्षेत्र के महेंद्र गांव में दबंगों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए लाठियों से बेरहमी से पीट दिया है जिससे अधिवक्ता और उसके दलित मजदूर को चोटें आई हैं मामले की सूचना करारी थाना पुलिस को दिया गया है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के महेंद्र गांव निवासी सियाराम सिंह मंझनपुर तहसील में अधिवक्ता है उनके खेतों में फसल की उपज के लिए अधिवक्ता सियाराम सिंह ने दलित मजदूर भैया लाल पुत्र मैकू को खेत बटाई में दे रखा है 8 मार्च की सुबह सियाराम के घर भैया लाल मजदूर पहुंचा जैसे ही सियाराम ने मजदूर को देखकर दरवाजा खोला गांव के राम सुफल उर्फ धुन्नू अपनी पत्नी बेटे दामाद के साथ सियाराम के घर पर पहुंच गए और गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर लाठी डंडे से अधिवक्ता सियाराम को भी मारा पीटा और उनके मजदूर भैया लाल को भी गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारा पीटा है जिससे दोनों को चोटे आई हैं अधिवक्ता के घर पर चढ़कर दबंगों ने घंटों तांडव किया जमकर गाली गलौज किया है दिनदहाड़े जिस तरह से अधिवक्ता के घर पर खुलेआम गुड़ाई की गई है उसकी चारों ओर निंदा हो रही है दबंग के तांडव का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है मामले की सूचना करारी थाना पुलिस को दी गई है।

## उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी को एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाय-उप मुख्यमंत्री**

**कौशांबी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को मॉ शीतला देवी अतिथि गृह,सयारा में ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।.उप मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी को एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाय, जिसके अन्तर्गत समूह गठन, रोजगार के नए अवसर सृजित करने, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने व समूह की आय में वृद्धि आदि में उल्लेखनीय कार्य किए जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कार्ययोजना बनाकर अच्छी गतिविधियॉ किया जाय, ताकि समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि हो सकें। समूह द्वारा उत्पादित उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए उसकी बिक्री एवं मार्केटिंग कराई जाय। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की प्रत्येक दीदी को लखपति दीदी बनाना है। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों, डी.एम.एम. व सभी बी.एम.एम. से कहा कि समूह की दीदियों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाय। उन्होंने डी.एम.एम. व सभी बी.एम.एम. को उत्कृष्ट कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में खाद्य प्रसंस्करण की 05 करोड़ की यूनिट लगाए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि जनपद में मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत सर्वे कराकर छूटे हुए सभी पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय तथा इसी प्रकार अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लोगों को भी लाभान्वित किया जाय। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं बेटियों को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

**उप मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रिवाल्विंग फण्ड व सामुदायिक निवेश निधि के अन्तर्गत रू0-05 करोड़ 69 लाख 40 हजार धनराशि का डमी चेक किया प्रदान**

**उप मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, सहायक उपकरण व दिव्यांगता प्रमाण-पत्र किया प्रदान**

**उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 137 लाभार्थियों को रू0-एक करोड़ 64 लाख 40 हजार का डमी चेक/स्वीकृति पत्र किया प्रदान**

**कौशांबी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान, सयारा में आयोजित 02 दिवसीय सरस महोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ एवं सरस महोत्सव का निरीक्षण किया।उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 137 लाभार्थियों (निराश्रित महिला व दिव्यांगजन आदि) को रू0-एक करोड़ 64 लाख 40 हजार का डमी चेक/स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसी प्रकार उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की लाभार्थियों-सलोनी कुशवाहा व सपना यादव को हाईस्कूल की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने पर सम्मानित किया तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थियों-आनवी मौर्य व शिवांशी पाल एवं निराश्रित महिला पेंशन की लाभार्थियों मोना देवी व निराशा देवी को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के लाभार्थी विजय प्रकाश प्रजापति को रू0-10 लाख ऋण का डमी चेक,मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के लाभार्थी विजय सिंह यादव को रू0-10 लाख ऋण का डमी चेक एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभार्थी विमल दिवाकर को रू0-10 लाख ऋण का डमी चेक प्रदान किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रिवाल्विंग फण्ड के रूप में रू0-63 लाख 90 हजार की धनराशि का डमी चेक एवं सामुदायिक निवेश निधि के रूप में रू0-05 करोड़ 05 लाख 50 हजार का डमी चेक प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की ई-रिक्शा चालक महिलाओ (इन महिलाओं ने मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा क्रय किया) को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने दिव्यांगजनों-छोटेलाल, हरिश्चन्द्र, शारदा प्रसाद, गुलाब सिंह व सीमा देवी को ट्राई साइकिल एवं अन्य दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया। उन्होंने सीएम युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों-विनोद सेन,प्रवीण कुमार पुनीत कुमार,राजाराम व अहमद को डमी चेक प्रदान किया। उन्होंने पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के लाभार्थियों को डमी चेक व डी.आर.पी. श्याम नारायण यादव को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने 23 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना व पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र व फार्मर रजिस्ट्री योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया।उप मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों यथा-मुख्य सेविकाओं, ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, शिक्षिकाओं, विद्युत सखी एवं ड्रोन सखी आदि को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने जनपद का नाम रोशन करने वाली बेटियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।





# भवंस मेहता महाविद्यालय में उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**भरवारी कौशांबी** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करना तथा छात्र-छात्राओं में लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के अथर्शास्त्र विभाग की प्रोफेसर श्वेता यादव ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है। उन्होंने आर्थिक दृष्टिकोण से महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जब महिलाएं शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ती हैं, तो परिवार और समाज दोनों का समग्र विकास होता है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने,अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. धर्मेंद्र अग्रहरी ने अपने वक्तव्य में महिला सशक्तिकरण के सांस्कृतिक और साहित्यिक आयामों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय साहित्य और परंपरा में नारी को शक्ति, ज्ञान और करुणा का प्रतीक माना गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को महान महिला विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया और बताया कि समाज में समानता और सम्मान का भाव विकसित करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। एनएसएस राष्ट्रीय सेवा योजना के इंचार्ज डॉ. मोहम्मद आदिल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक दिवस मनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए,बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा,जागरूकता अभियानों और सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि जब युवा वर्ग जागरूक होगा, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होगा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक अपने विचार व्यक्त किए। कुछ विद्यार्थियों ने कविता और भाषण के माध्यम से महिलाओं के योगदान को रेखांकित किया, तो कुछ ने अपने अनुभव साझा किए।छात्राओं ने शिक्षा,सुरक्षा और समान अवसरों की आवश्यकता पर जोर दिया। समापन अवसर पर सभी वक्ताओं ने यह संदेश दिया कि महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं,बल्कि संकल्प का दिन एक ऐसे समाज के निर्माण का संकल्प,जहाँ महिलाओं को समान अधिकार,सम्मान और अवसर प्राप्त हों। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के मन में सकारात्मक ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया।




## संदिग्ध अवस्था में सुबह से खड़ी है एक बोलेरो गाड़ी

**गाड़ी में पीछे की सीट पर रखा है स्ट्राली बैग, जांच में जुटी पुलिस**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में एक बोलेरो गाड़ी रविवार की सुबह से सड़क के किनारे खड़ी हुई मिलने से हड़कंप मच गया,गाड़ी में पीछे की सीट पर एक स्ट्राली बैग भी रखा हुआ है।गाड़ी सुबह से खड़ी होने कर दुकानदार ने डायल 112 को इसकी सूचना दे दी,सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कनपुरवा चौराहे के पास एक दुकान एक सामने रविवार की सुबह से ही एक बोलेरो गाड़ी खड़ी करके कोई व्यक्ति चला गया है बोलोरो गाड़ी खड़ी करने के बाद चालक ने किसी से कोई बात नहीं की किसी को कोई जानकारी नहीं दी जिससे लोगों के अंदर तमाम तरह की आशंकाएं उत्पन्न होने लगी है गाड़ी में एक स्ट्राली बैग भी रखा हुआ था,काफी देर तक जब कोई गाड़ी के पास वापस नहीं आया तो दुकानदार ने डायल 112 पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दे दी।सूचना पर पहुंची पुलिस गाड़ी नंबर से गाड़ी की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## एक तरफ डिप्टी सीएम का कार्यक्रम दूसरी तरफ यूजीसी के विरोध में गरजे सवर्ण समाज के लोग

**अखंड भारत संदेश**

**सवर्णो ने किया यूजीसी का विरोध**




**कौशाम्बी** एक तरफ जिले के सिराथू तहसील क्षेत्र में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रहे थे दूसरे तरफ यूजीसी कानून को लेकर सवर्ण समाज के लोगों ने मंझनपुर तहसील क्षेत्र में यूजीसी कानून का जमकर विरोध किया है यूजीसी का कानून भाजपा के लिए गले की हड्डी बनता जा रहा है जो आने वाले समय में भाजपा के लिए खतरा साबित होगा यूजीसी के विरोध में दिनों दिन सवर्ण समाज के लोगों की एकता बढ़ती दिखाई पड़ रही है जो यूजीसी कानून का खुलकर विरोध कर रहे हैं जिले के मंझनपुर तहसील क्षेत्र के विजया चौराहा पर रविवार को सवर्ण समाज के तमाम लोग इकट्ठा हुए और सभी ने यूजीसी के काले कानून को वापस करने की मांग की सवर्ण समाज के लोगों ने यूजीसी कानून वापस लेने के लिए जोरदार नारे लगाए शंखनाद कर- के सवर्णों ने बताया कि दिल्ली नहीं जाने पाए तो हम लोग शांति पूर्ण ढंग से यही विरोध प्रदर्शन किया है और अगर यह काला कानून वापस नहीं लिया गया तो यह विरोध देश व्यापी आंदोलन का रूप लेगा और आने वाले 2027 में इसका खामियाजा भारतीय जनता पाटी को भुगतना पड़ेगा यूजीसी के विरोध के कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय मिश्रा राजेश मिश्रा अशोक मिश्रा रत्नेश त्रिपाठी हरीश द्विवेदी सोनू त्रिपाठी सत्यदेव त्रिपाठी अरविंद कुमार मिश्रा प्रेमचंद अग्रहरि कुलदीप पांडेय मनीष द्विवेदी आदि तमाम सवर्ण समाज के लोग मौजूद रहे।

## बजहा खुर्रमपुर में बिरहा का महामुकाबला

**होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब**



**महेवा घाट कौशाम्बी।** करारी क्षेत्र के बजहा खुर्रमपुर गांव में रविवार को होली मिलन समारोह के अवसर पर आयोजित बिरहा का महामुकाबला कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना दिया। कार्यक्रम में दूर-दूर से पहुंचे लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम,भाईचारे तथा सौहार्द का संदेश दिया। समारोह के दौरान आयोजित बिरहा मुकाबला और संगीत संध्या लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। कलाकारों ने बिरहा,होली गीत, भजन, गजल, कविता और लोकगीतों की दमदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुर और ताल के संगम पर लोग देर तक झूमते रहे और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे। कई कलाकार मंच से उतरकर दर्शकों के बीच पहुंचे और होली गीत गाते हुए लोगों को नाचने-गाने पर मजबूर कर दिया। पूरा पंडाल रंग, उमंग और उल्लास से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम आयोजक भाजपा नेता बजरंग मौर्य उर्फ नथन ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी मेल-जोल बढ़ता है और सामाजिक एकता को मजबूती मिलती है इस मौके पर प्रधान प्रत्याशी बजहा खुर्रमपुर-थांभा अलावलपुर मान सिंह यादव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर होली के इस पर्व को उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उमेश सरोज,मोहन सरोज,राजू जायसवाल, भरत अग्रहरि मानसिंह यादव प्रधान, सुघर यादव, राजेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## महीनों बीते युवक की हत्या का खुलासा नहीं कर सकी थाना पुलिस

**फरियाद लेकर डिप्टी सीएम के पास जा रही महिला को सुरक्षा का हवाला देकर सुरक्षा कर्मियों ने रोका, खुले में तैर रहे हत्या के साक्ष्य थाना पुलिस बन रही है अनजान**

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बिराहिम बाग मालाक नागर गांव में ओवर ब्रिज के नीचे सरसों के खेत में 8 फरवरी को पवन कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्वगीय राजा राम विश्वकर्मा की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी एक दिन पहले रात में उसको घर से बुलाकर गांव के ही कुछ लोग लेकर गए थे जिनका नाम का खुलासा परिवार के लोगों ने उसी दिन थाना पुलिस से कर दिया है घटना के बाद से संदिग्ध लोग फरार बताए जाते थे धीरे-धीरे घटना को एक महीने बीत गए हैं युवक की हत्या के खुलासा में थाना पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है हत्या का खुलासा न होने पर मृतक पवन कुमार विश्वकर्मा की पत्नी आशा देवी अपने तीन छोटे-छोटे बच्चे अनन्या 5 वर्ष पिंकी तीन वर्ष सौरभ 2 वर्ष को साथ में लेकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के सायारा स्थित कार्यक्रम स्थान पर पहुंची उसे उम्मीद थी कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से उसकी मुलाकात होगी और उसकी फरियाद सुनी जाएगी उसके पति के हत्यारे गिरफ्तार होंगे लेकिन डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की सुरक्षा का हवाला देकर के छोटे-छोटे मासूम बच्चे और विधवा महिला को डिप्टी सीएम से मिलने नहीं दिया गया है काफी विनती मिन्नत करने के बाद दूर से डिप्टी सीएम ने कहा कि पुलिस को तहरीर दो अब सवाल उठता है कि महीनों से विधवा महिला न्याय के लिए पुलिस की चौखट पर दौड़ रही है हत्या के साक्ष्य खुले में तैर रहे हैं बुलाकर के घर से युवक को ले जाने वाले लोग संदिग्ध हो रहे हैं लेकिन उसके बाद विधवा महिला की सुनवाई नहीं हो रही है अब उसे उम्मीद थी कि डिप्टी सीएम से फरियाद करने के बाद न्याय मिलेगा लेकिन फरियाद करने गई विधवा महिला और छोटे छोटे मासूम बच्चों से सुरक्षा का हवाला देकर उन्हें डिप्टी सीएम से मिलने से रोक दिया गया है जो बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है कि क्या केवल अफसर के बयान पर कानून व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी या आम जनता की भी फ़रियाद सुनकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी।

## सर्व समाज के रीड की हड्डी हैं महिलाएं उनके बिना कोई भी कार्य अधूरा : एसडीएम

**कौशांबी** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 8 मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशांबी की पूर्व अनुमति से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन ग्राम सभा कसेन्दा तहसील चायल के पंचायत भवन में किया गया कार्यक्रम की शुरुआत उप जिलाअधिकारी अरुण कुमार के द्वारा की गई उन्होंने कहा कि महिलाएं सर्व समाज की रीड की हड्डी हैं बिना उनके कोई भी कार्य पूरा नहीं किया जा सकता आज के इस दौर में हर जगह महिलाएं बराबरी की भागीदारी निर्वहन कर रही हैं एवं समाज को समृद्ध एवं सशक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रही है।तहसीलदार चायल पुष्पेंद्र गौतम ने कहा कि महिलाओं के सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान और उपलब्धियां का जश्न मनाने एवं उनके अधिकारों और लैंगिक समानता के महत्व को बढ़ावा देने का आज एक वैश्विक दिन है जो नारी शक्ति के संघर्ष और सफलता को दर्शाता है और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करता है साथ ही कहा कि अगर तहसील में महिलाओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो वह सीधे कार्यालय में आकर मुझसे मिलकर अपनी बात रख सकती हैं हर संभव उनकी मदद की जाएगी मौके पर दो महिलाओं की निराश्रित विधवा पेंशन का निस्तारण भी किया गया। पीएलवी ममता दिवाकर ने कहा कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो पूरा समाज प्रगति करता है महिलाएं सृजन शक्ति और सहनशीलता की मिसाल हैं साथ ही उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं जैसे वृद्धा पेंशन योजना,निराश्रित विधवा पेंशन योजना,कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, एवं वतर्मान में संचालित समस्त कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी और साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या आने पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संपर्क करने के लिए भी कहा। अंत में ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार सोनी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन किया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में उपजिलाधिकारी अरुण कुमार, तहसीलदार चायल पुष्पेंद्र गौतम,ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश सोनी, ग्राम प्रधान सुखलाल यादव,हल्का लेखपाल योगेंद्र सिंह,समाज सेवी तलत अजीम,पंचायत सहायक ओमशंकर शर्मा,पीएलवी ममता दिवाकर, अमरदीप दिवाकर,आशा कार्यकत्री आसमा,शोभा देवी,आशा सरोज, सुनीता पाल एवं तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## भारत की संप्रभुता पर अमेरिका का हमला

**अमेरिका** के ईरान पर हमले के बाद दिवंगत आयतुल्लाह अली खामनेई के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने दावा किया कि यह हमला केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा, आने वाले वक्त में भारत और चीन जैसी शक्तियां भी अमेरिका के निशाने पर होंगी और उनकी यह बात बुधवार को सच साबित होती दिखी। बुधवार 4 मार्च को अमेरिका ने हिंद महासागर के भारतीय क्षेत्र में ईरान का एक युद्धपोत टॉरपीडो से हमला करके डुबो दिया। ईरान के इस युद्धपोत ने हाल ही में भारत के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया था और इसी के बाद वापस लौट रहा था।

इस सैन्य अभ्यास को इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू-2026 कहा गया, इसकी मेजबानी भारत ने की थी और खुद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने भारतीय और ईरानी नौसैनिकों ने एक साथ परेड की थी। लेकिन भारत की संप्रभुता को बड़ी चोट पहुंचाते हुए अमेरिका ने हमला किया और इसमें सफलता का दावा भी किया।

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया कि हिंद महासागर में ईरान का एक युद्धपोत अमेरिका ने टॉरपीडो से हमला करके डुबो दिया है। हालांकि, हेगसेथ ने उस ईरानी जहाज का नाम नहीं बताया जिसे डुबोया गया है, जबकि श्रीलंकाई नौसेना ने बताया था कि 'आईआरआईएस डेना' हिंद महासागर में डूब गया है, जिसमें सवार कुल 180 में से लगभग 140 लोग लापता हैं।

# बिहार की राजनीति में सत्ता परिवर्तन से जुड़े सवाल

– ललित गर्ग –



**बिहार** की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ उस समय सामने आया जब राज्य के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतिश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने का निर्णय स्वीकार किया और इसके लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया। उनके नामांकन के अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पटना पहुँचना भी इस राजनीतिक घटनाक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। लगभग दो दशकों तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का यह निर्णय केवल एक व्यक्तिगत राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि बिहार की सत्ता और राजनीति के स्वरूप में आने वाले बड़े परिवर्तन का संकेत भी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बिहार की राजनीति पहले से ही गठबंधनों, समीकरणों और सत्ता-संतुलन के दौर से गुजर रही है। इस निर्णय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। यह परिवर्तन जहां एक ओर नई संभावनाओं का संकेत देता है, वहीं दूसरी ओर कई सवाल भी खड़े करता है, क्या यह जनादेश का सम्मान है या उससे विचलन? क्या यह बिहार के लिए नई दिशा का मार्ग है या राजनीतिक रणनीति का एक नया अध्याय? नीतिश कुमार को लंबे समय से ह्लसुशासन पुरुषह्व के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने बिहार को लंबे समय तक स्थिर राजनीतिक नेतृत्व दिया और शासन व्यवस्था को कई स्तरों पर व्यवस्थित करने का प्रयास किया। सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पंचायत सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुधार जैसे अनेक क्षेत्रों में उनके कार्यों की चर्चा होती रही है। उनके शासनकाल में बिहार ने अराजकता और अपराध की छवि से बाहर निकलकर विकास और स्थिरता की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास किया, इसलिए उनका मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की ओर जाना केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक भूमिका के पुनर्निर्धारण के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को अधिक व्यापक बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, जबकि कुछ इसे बिहार की सत्ता में नई पीढ़ी और नए नेतृत्व को अवसर देने की रणनीति के रूप में भी देखते हैं। बिहार में अपेक्षित संभावनाएं पूरी तरह आकार नहीं ले पायी, इसलिये भी भाजपा खुद का मुख्यमंत्री लाकर बिहार को विकास से जोड़ना चाहती है।

नीतिश कुमार के इस निर्णय के बाद विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए वोट दिया था और पाँच वर्षों के जनादेश के बीच में मुख्यमंत्री पद छोड़ना जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं है। विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है और इसमें जनता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे ह्लजनादेश के साथ खिलवाड़ह्व और ह्लराजनीतिक समझौते की राजनीतिह्व करार दिया है। उनका तर्क है कि यदि मुख्यमंत्री बदलना ही था तो जनता के पास फिर से जाने का रास्ता अपनाया जाना चाहिए था। इस प्रकार यह बहस केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता की भी बन गई है।

दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा बिहार में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यदि राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री आता है, तो यह बिहार की राजनीति के लिए एक नया अध्याय हो सकता है। भाजपा लंबे समय से यह दावा करती रही है कि वह राज्य में विकास, सुशासन और अपराध-मुक्त प्रशासन को और अधिक प्रभावी रूप में लागू करना चाहती है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि बिहार में विकास की गति को और तेज करने, निवेश को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई नेतृत्व संरचना की आवश्यकता है। किसी भी लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन एक सामान्य और आवश्यक प्रक्रिया होती है। यह परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक ढंग से और राजनीतिक सहमति के साथ होता है, तो यह व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाता है।

# सुप्रीमकोर्ट में आठवीं की किताब :

## संस्थागत गरिमा बनाम शैक्षिक स्वायत्तता

अरुण कुमार डनायक

**'एनसीईआरटी'** की आठवीं की किताब ने हाल में सुप्रीमकोर्ट में भारी बहस खड़ी कर दी है। किताब में न्यायपालिका की अनेक कमजोरियों पर ऊंगली रखी गई है, लेकिन हमारा न्यायतंत्र इसे बदनाम करने का प्रयास मानता है। तो क्या हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने में किसी तरह की कोई समीक्षा की गुंजाइश नहीं है? क्या हमारे बच्चे उस ढांचे के बारे में जान-समझ नहीं सकते जिसमें देर-सबेर उन्हें भी शामिल होना है? प्रस्तुत है, इसी की पड़ताल करता अरुण कुमार डनायक का यह लेख।





हाल ही में 'राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद' (एनसीईआरटी) की कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में सम्मिलित एक अध्याय ने व्यापक सार्वजनिक एवं विधिक विमर्श को जन्म दे दिया है। 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' शीर्षक अध्याय में न्यायिक व्यवस्था के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का उल्लेख करते हुए 'न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार' तथा न्यायाधीशों की कमी, जटिल विधिक प्रक्रियाओं और कमजोर अवसंरचना के कारण लंबित भारी बोझ को रेखांकित किया गया है। उल्लेखनीय है कि लगभग 80 हजार मामले सर्वोच्च न्यायालय में, 60 लाख उच्च न्यायालयों में और करीब पांच करोड प्रकरण निचली अदालतों में लंबित हैं।

पाठ्यपुस्तक में भ्रष्टाचार का उल्लेख करते हुए न्यायाधीशों की आचार-संहिता, शिकायत-निवारण तंत्र, 1,600 से अधिक शिकायतों तथा महाभियोग जैसी संवैधानिक प्रक्रिया का भी विवरण दिया गया है। इसमें केवल आरोप नहीं, बल्कि जवाबदेही की संरचना भी स्पष्ट की गई है। गंभीर मामलों में संसद 'महाभियोग' द्वारा न्यायाधीश को पदच्युत कर सकती है, यद्यपि यह प्रक्रिया समुचित जाँच और निष्पक्ष अवसर के बाद ही आगे बढ़ती है। यह स्वीकार किया गया है कि विशेषकर गरीब और वंचित वर्ग कभी-कभी भ्रष्टाचार का अनुभव करते हैं, इसलिए पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से न्यायिक व्यवस्था में विश्वास सुदृढ़ करने के प्रयास जरूरी हैं। विवाद का केंद्र यह नहीं था कि पाठ्यपुस्तक ने न्यायिक व्यवस्था की चुनौतियों का उल्लेख किया, बल्कि यह आपत्ति थी कि भ्रष्टाचार की चर्चा केवल न्यायपालिका के संदर्भ में की गई, जबकि राजनीति, कार्यपालिका और नौकरशाही जैसे अन्य क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं का समतुल्य उल्लेख नहीं था। कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष यह तर्क रखा कि इस प्रस्तुतिकरण से एक असंतुलित छवि निर्मित होती है, जो विद्यार्थियों में धारणा बना सकती है, मानो भ्रष्टाचार का प्रश्न मुख्यतः या विशिष्ट रूप से न्यायपालिका से ही जुड़ा है। राजनीति समाचार खंड प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस विषय को गंभीर बताते हुए कहा कि वे 'किसी को भी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे।' उन्होंने संकेत दिया कि यह एक 'सुनियोजित और गहन' विषय हो सकता है। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रकरण में केवल स्वतः संज्ञान लिया था; उसने न तो कोई अंतरिम प्रतिबंध लगाया था, न ही पाठ्यपुस्तक पर रोक का आदेश पारित किया था। इसके बावजूद सरकार ने न्यायालय की अंतिम टिप्पणी या विस्तृत सुनवाई की प्रतीक्षा किए बिना पूरी पुस्तक को ही वापस लेने का निर्णय कर लिया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या यह कदम न्यायिक आदेश के अनुपालन में था, अथवा संभावित असहमति से पूर्व ही आत्मसमर्पण की प्रवृत्ति का संकेत? लोकतांत्रिक व्यवस्था में संस्थागत संवाद की अपेक्षा की जाती है, न कि आशंकाओं के आधार पर त्वरित वापसी की। प्रश्न उठता है कि क्या न्यायपालिका, अधिवक्ताओं व सरकार द्वारा की गई कार्रवाई निष्पक्ष और विवेकपूर्ण थी? यदि पाठ्यपुस्तक में वही तथ्य उल्लिखित थे, जिन्हें स्वयं न्यायपालिका और पूर्व मुख्य न्यायाधीश भी समय-समय पर स्वीकार करते रहे हैं और जिनके परिप्रेक्ष्य में आत्ममंथन तथा संस्थागत सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया है, तो फिर उन्हें हटाना क्या वास्तव में समाधान कहा जा सकता है?

अतीत में कुछ न्यायाधीशों पर लगे गंभीर आरोपों ने न्यायपालिका की पारदर्शिता पर प्रश्न खड़े किए हैं—कर्नाटक उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश पीडी दिनाकरन पर आय से अधिक संपत्ति के आरोपों के बाद महाभियोग की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। इसी प्रकार, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास से जले हुए नोटों की बरामदगी ने व्यापक सार्वजनिक बहस को जन्म दिया था।

# खामेनेई की विरासत पर सवाल बरकरार

असद मिर्जा



**1939** में मशहद में जन्मे, आयतुल्लाहखामेनेई1979 की इस्लामिक क्रांति में एक अहम व्यक्ति थे और 1981 से 1989 तक ईरान के राष्ट्रपति रहे। एक धर्मशास्त्री होने के नाते, उन्हें पश्चिम, खासकर अमेरिका और इज?इल के प्रति उनकी गहरी दुश्मनी और उनके पहले के आयतुल्लाहखोमैनी द्वारा बनाए गए धमार्धारित शासन प्रणाली के प्रति उनकी पक्की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता था।

आयतुल्लाह अली खामेनेई (1939-2026), ईरान के दूसरे सर्वोच्च नेता, 28 फरवरी, 2026 को तेहरान पर अमेरिका और इज?इल के समन्वित हवाई हमले के दौरान मारे गए थे। अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुरूआती घोषणा के बाद, 1 मार्च, 2026 को ईरानी सरकारी मीडिया ने उनकी मौत की पुष्टि की।

खामेनेई को उनके कार्यालय में 'ऑपरेशन एपिकफ्यूरी' नाम के एक संयुक्त सैन्य कार्रवाई में मार दिया गया था। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के कमांडर और रक्षा मंत्री समेत कई दूसरे बड़े अधिकारी भी मारे गए थे।

ईरान ने 40 दिन का राजकीय शोक और सात सार्वजनिक छुट्टियां घोषित किए हैं। आयतुल्लाह अली खामेनेई का कोई तय वारिस नहीं है। ईरानी संविधान के तहत, राष्ट्रपति, न्यायपालिका के प्रमुख और गार्डियन काउंसिल के एक सदस्य वाली एक काउंसिल कुछ समय के लिए नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालेगी।

आयतुल्लाह अली खामेनेई ने 1989 से 2026 तक, 36 साल से ज्यादा समय तक इस्लामिक रिपब्लिक ऑ$फ ईरान के सर्वोच्च नेता के तौर पर काम किया, जिससे वे मध्य पूर्व में किसी भी देश के सबसे लंबे समय तक रहने वाले प्रमुख बन गए।

1939 में मशहद में जन्मे, आयतुल्लाहखामेनेई1979 की इस्लामिक क्रांति में एक अहम व्यक्ति थे और 1981 से 1989 तक ईरान के राष्ट्रपति रहे। एक धर्मशास्त्री होने के नाते, उन्हें पश्चिम, खासकर अमेरिका और इज?इल के प्रति उनकी गहरी दुश्मनी और उनके पहले के आयतुल्लाहखोमैनी द्वारा बनाए गए धमार्धारित शासन प्रणाली के प्रति उनकी पक्की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता था।

आयतुल्लाह अली खामेनेई के 36 साल के राज ने ईरान को एक ताकतवर अमेरिका-विरोधी शक्ति ताकत बना दिया, जिसने मध्यपूर्वमें अपना सैन्य दबदबा फैलाया, और साथ ही देश में बार-बार होने वाली अशांति को दबाने के लिए सख्ती का इस्तेमाल किया। शुरू में खामेनेई को कमजोर और फैसला न कर पाने वाला कहकर खारिज कर दिया गया था, लेकिन करिश्माई आयतुल्लाह रूहोल्लाहखोमैनी, जिन्होंने इस्लामिक रिपब्लिक ऑ$फ ईरान की स्थापना की थी, की मौत के बाद सर्वोच्च नेता के लिए उनका चुनाव एक मुश्किल विकल्प लग रहा था। लेकिन देश के शक्ति ढांचे के शीर्ष पर खामेनेई के पहुंचने से उन्हें देश के मामलों पर मजबूत पकड़ मिली। खामेनेई ने लंबे समय तक इस बात से इनकार किया कि ईरान का नाभिकीय कार्यक्रम परमाणु हथियार बनाने के मकसद से था, जैसा कि पश्चिम का कहना था। 2015 में उन्होंने दुनिया की ताकतों और व्यावहारिक राष्ट्रपति हसन रूहानी की सरकार के बीच एक नाभिकीय समझौते का सावधानी से समर्थन किया।

## अवैध आरा मशीन पर वन विभाग की छापेमारी,मशीन उखाड़कर किया ध्वस्त

अखंड भारत संदेश



**सुलतानपुर। अवैध** आरा मशीनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरा मशीन को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई जोनल प्रवर्तन दल के प्रभारी रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में की गई।वन विभाग को सूचना मिली थी कि सदर सुलतानपुर रेंज के अंतर्गत बल्दीराय थाना क्षेत्र के ग्राम महादेवन में बिना वैध अनुमति के आरा मशीन संचालित की जा रही है। सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच की।जांच के दौरान पाया गया कि इजहार अहमद द्वारा बिना लाइसेंस के आरा मशीन संचालित की जा रही थी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मशीन को उखड़वाकर ध्वस्त कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध आरा मशीनों के संचालन से जंगलों में अवैध कटान को बढ़ावा मिलता है।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर हिस्ट्रीशीटर शक्ति सिंह उर्फ शाका सिंह गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश



**सुलतानपुर । जनपद** में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दोस्तपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देश पर अपर पुलिस अखण्ड प्रताप सिंह अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम के निर्देशन में थाना दोस्तपुर पुलिस बेलवारे बाजार स्थित गौरी शंकर स्कूल के पास सघन वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को रोकने का प्रयास किया गया। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। हालांकि गोली मिस फायर हो गई, जिससे पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। पुलिस टीम ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए आरोपी की घेराबंदी कर उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया।

## शादाब हत्याकांड में सगे भाई सहित तीन दोषी करार

अखंड भारत संदेश

**सुलतानपुर। शादाब** हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत ने शनिवार को अपना फैसला सुनाया। अदालत ने मामले में दो सगे भाइयों सहित तीन आरोपियो को हत्या सहित अन्य अपराध में दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषियों की सजा पर सुनवाई के लिए 11 मार्च की तारीख तय किया है। वहीं मामले से जुड़े एक बाल अपचारी के खिलाफ किशोर न्यायालय में मामला लम्बित चल रहा है।

कोतवाली नगर के भुवापुर के रहने वाले वादी मुकदमा शमशाद खां ने तीन मई साल 2018 की शाम करीब 7:50 बजे की घटना बताते हुए स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। वादी के आरोप के मुताबिक पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही आरोपी सगे भाई वदूद,वसीम ,सह आरोपी आफताब व एक बाल अपचारी हाथों में बंदूक व अन्य असलहे लेकर आए और आरोपीगण जान से मार डालने की धमकी देते हुए ललकारने लगे। इस दौरान आरोपी वदूद ने लाइसेंसी बंदूक से वादी के भतीजे मो.शादाब को गोली मार दिया,जिसकी वजह से मौके पर ही शादाब की मौत हो गई। वादी ने आरोपियो के खिलाफ अन्य लोगो पर भी हमले का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

## धूम धाम से भगवान श्री नागेश्वर नाथ को किया गया स्थापित

अखंड भारत संदेश



**भदोही । जनपद** के रैमलपुर ग्राम सभा के अति प्राचीन श्री राम जनकी मंदिर पर भगवान श्री नागेश्वर, महादेव, की विशालकाय, प्रतिमा स्थापित की गई, इस माह यज्ञ में क्षेत्रवासी ग्राम वासी जिले की बड़ी-बड़ी हस्तियां, बच्चे और महिलाएं भारी संख्या में बाबा नागेश्वर महादेव के इस शोभायात्रा में बढ़ चढ़कर बड़े हर्षौल्लाश , के साथ सम्मिलित रहे छेत्र वासियों द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी, भगवा रंग में रंग गया पूरा गांव हर हर महादेव के नारों से भक्ति में खो गए भक्त गढ़ जिसकी आयोजन मुख्य रूप से कृष्णा ग्रुप परिवार द्वारा किया गया जिसमें हजारों की मात्रा में भक्तगण सम्मिलित रहे ,मुख्य रूप से, सतीश चंद्र दुबे(कृष्णा हीरो),चंदन दुबे, धनंजय दुबे(प्रदेश संगठन महामंत्री, लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास उत्तर प्रदेश),नीतेश दुबे,कैलाश नाथ दुबे,जय प्रकाश दुबे,आदि उपस्थित रहे।

## नेहरू स्टेडियम में महिला दौड़ प्रतियोगिता, विभिन्न वर्गों में विजेताओं को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश






**गाजीपुर ।अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस के अंतर्गत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन मेरा युवा भारत केंद्र, साईं, खेल विभाग गाजीपुर द्वारा आयोजित महिला दौड़ प्रतियोगिता नेहरू स्टेडियम गोरा बाजार गाजीपुर के खेल मैदान में प्रातः 10 बजे से मुख्य अतिथि माननीय राज्यसभा सांसद डॉक्टर संगीता बलवंत जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर खेल प्रतियोगिता का 100 मीटर अंडर 13 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम में माननीय मुख्य अतिथि माव राज्यसभा सांसद ने कहा कि आज महिलाएं देश के हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं यहां भी दौड़ प्रतियोगिता में अपना जलवा लहुरी काशी की धरती पर दिखा रही हैं ।

यूं तो सूरज रोज निकलता है रोज सवेरा होता है मेरे चेहरे पर लालीमां तब होती है जब मेरे चेहरे पर लालिमा खुद आती है ।

## महिला दिवस पर नगर पालिका का स्वच्छता अभियान, महिलाओं ने संभाली कूड़ा पृथक्करण जागरूकता की कमान।

अखंड भारत संदेश



**गाजीपुर। जनपद में अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर मुहम्मदाबाद नगर पालिका परिषद ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत की। इस अभियान की खास बात यह रही कि इसकी अगुवाई महिला सफाई कर्मचारियों ने की, जिन्होंने घर-घर जाकर लोगों को कूड़ा पृथक्करण के प्रति जागरूक किया। रविवार 8 मार्च से प्रारंभ हुए इस अभियान के तहत महिला सफाई कर्मियों की टीम नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर स्थानीय महिलाओं और परिवारों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की प्रक्रिया समझा रही है। उन्हें बताया जा रहा है कि घरों में कूड़े का सही तरीके से पृथक्करण करने से कचरे के निस्तारण में आसानी होती है और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। नगर पालिका परिषद के अनुसार यह अभियान 8 मार्च से 14 मार्च तक निरंतर चलाया जाएगा। इस दौरान पालिका के कर्मचारी और स्वच्छता कर्मी अलग-अलग वार्डों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे ।

## गोपीगंज में भाजपा नेताओं का स्वागत, कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर किया सम्मान

अखंड भारत संदेश



**गोपीगंज (भदोही)। गाजीपुर** से कानपुर जाते समय गोपीगंज थाना क्षेत्र के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेताओं का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और बुके देकर उनका अभिनंदन किया।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष राय तथा स्किल डेवलपमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश उद्योग विभाग के एडिशनल कमिश्नर ऋषि रंजन गोयल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का क्षेत्र में आगमन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक होता है। इससे संगठन को मजबूती मिलती है और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता है।

कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया।

## चौरी थाना क्षेत्र से लापता चार नाबालिग कुछ ही घंटों में मिले, पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा

अखंड भारत संदेश



**भदोही। चौरी** थाना क्षेत्र से रविवार सुबह लापता हुए चार नाबालिग बच्चों को पुलिस ने कुछ ही घंटों में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। बच्चों के मिलने के बाद परिवार वालों ने राहत की सांस ली और पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब सात बजे चौरी थाना क्षेत्र के चार बच्चे अचानक घर से गायब हो गए। काफी देर तक परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। इसके बाद मामले की सूचना डायल 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही पीआरवी टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन शुरू की। पुलिस ने लोगों से पूछताछ करते हुए तलाश तेज की, इसी दौरान जानकारी मिली कि सभी बच्चे बरवां नहर के पास मौजूद हैं। पुलिस टीम तत्काल वहां पहुंची और चारों बच्चों को सकुशल अपने साथ लेकर उनके घर पहुंची।

# जब बेटियां बढ़ती हैं आगे, तब ही मजबूत होता राष्ट्र- महिला दिवस पर मंच से गूंजा संकल्प

- गूंजा महिला सशक्तिकरण का स्वर
- सम्मानित हुईं कर्मशील महिलाएं

**अखंड भारत संदेश**



कार्यक्रम में मौजूद सम्मानित महिलाएं व अधिकारीगण

**चित्रकूट।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर यूपी का अभियान- मातृ शक्ति उदीयमान- कार्यक्रम के तहत चित्रकूट में सम्मान, प्रेरणा और संकल्प का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद लखनऊ स्थित इंदिरा भवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन सजीव प्रसारण के माध्यम से उपस्थित जनसमूह ने देखा। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया और मंच से यह संदेश दिया गया कि जिस देश की महिलाएं जागरूक होती हैं, वही राष्ट्र वास्तव में शक्तिशाली बनता है। जिलाधिकारी ने सालू सिंह, गायत्री देवी, गंगावती, रीता सिंह और आरती उपाध्याय जैसी महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि आत्मविश्वास और शिक्षा ही सशक्त समाज की कुंजी है। उन्होंने महिलाओं से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया तथा बताया कि जनपद में अभ्युदय कोचिंग सेंटर के माध्यम से निःशुल्क शिक्षा, डिजिटल लाइब्रेरी और रोजगार योजनाओं के जरिए महिलाओं और युवाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जहां नारी सशक्त होती है वहीं राष्ट्र भी सशक्त बनता है, इसलिए समाज को कुत्सित मानसिकता से ऊपर उठकर बेटियों को शिक्षा और संस्कार देने होंगे। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, महिला उद्यमियों और विभिन्न विभागों की कर्मठ महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, वहीं जूडो-कराटे प्रदर्शन, कठपुतली नृत्य और छात्राओं के सरस्वती गीत ने कार्यक्रम को प्रेरणादायी बना दिया।

## बरगढ़ व मानिकपुर में उमड़ा नारी शक्ति का सैलाब, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गूंजा सशक्तिकरण का संदेश

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** जिले में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विज्ञान फाउंडेशन द्वारा मानिकपुर और मऊ ब्लॉक में भव्य कार्यक्रम व स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर नारी सशक्तिकरण का जीवंत संदेश दिया गया। समान भविष्य के लिए निवेश- महिलाओं का सशक्तिकरण थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं की भारी भागीदारी ने इसे उत्सव का रूप दे दिया। बरगढ़ में मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जहां सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर आशीष ने शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता को सशक्त समाज की आधारशिला बताया। शिक्षिका आरती सिंह ने महिलाओं से रूढ़ियों को तोड़कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। आरोहणम यूथ फेडरेशन के युवाओं ने बाल विवाह पर प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम में किशोरियों की पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिता, महिलाओं के पारंपरिक होली गीत और आठ प्रेरणादायी महिलाओं का सम्मान आकर्षण का केंद्र रहे। स्वास्थ्य शिविर में 160 महिलाओं व किशोरियों की जांच कर आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम में 28 गांवों की सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति ने नारी जागरण की नई तस्वीर पेश की।

## शिकायतें फाइलों में कैद, जमीन पर कब्जा बरकरार- मानिकपुर में भू-माफिया बेखौफ, अवैध निर्माण बरकरार

- दो साल से फरियाद, मगर कब्जा जारी? 3. जिले भू-माफियाओं की बढ़ती हनक
- बेबस दिखता प्रशासनिक तंत्र?

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर क्षेत्र में भू-माफियाओं की दबंगई का एक और मामला सामने आया है, जहां ग्राम गढ़चपा निवासी घनश्याम चंद्र चतुर्वेदी ने अपनी ही जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार उनकी भूमि गाटा संख्या 145 (मि) सरहट मानिकपुर में स्थित है, जिस पर अफसाना नामक महिला और उसके सहयोगियों ने जबरन कब्जा कर मकान का निर्माण शुरू कर दिया है। चतुर्वेदी का कहना है कि निर्माण कार्य तेजी से जारी है और विरोध के बावजूद इसे रोका नहीं जा रहा। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों से वह मानिकपुर तहसील और स्थानीय थाने में लगातार शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि इसी दौरान उनकी पत्नी की खराब तबीयत का फायदा उठाकर आरोपियों ने चुपचाप जमीन पर कब्जा जमा लिया और अब शेष जमीन पर भी नजरें गड़ाए हुए हैं। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने इस अवैध निर्माण का विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। लगातार अनसुनी होती शिकायतों से परेशान होकर घनश्याम चंद्र चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने अवैध कब्जा हटवाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से भी न्याय की गुहार लगाते हुए सवाल उठाया है कि आखिर भू-माफियाओं की बढ़ती हनक पर लगाम कौन लगाएगा। उनका कहना है कि यदि ऐसे कब्जों का सिलसिला जारी रहा तो आम लोगों की जमीन ही नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाएगी। इस संदर्भ में मानिकपुर एसडीएम मो जसीम ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## चित्रकूट स्टेडियम में दौड़ी बेटियों की रफ्तार, फिट इंडिया महिला सप्ताह में गूंजा खेल व हौसलों का उत्सव



फिट इंडिया महिला सप्ताह में मौजूद खिलाडी

**चित्रकूट।** खेल निदेशालय लखनऊ के निर्देश पर फिट इंडिया महिला सप्ताह के अंतर्गत रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रातः आठ बजे शुरू हुई इस प्रतियोगिता का शुभारंभ क्रीड़ाधिकारी अरविन्द कुमार सोनकर ने खिलाड़ियों को झंडी दिखाकर किया, जबकि मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण यादव ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में 100, 200 और 400 मीटर दौड़ की स्पधाओं में अंडर-14, अंडर-18 तथा ओपन वर्ग की महिला खिलाड़ियों ने जोश और दमखम के साथ भाग लिया। अंडर-14 वर्ग में अंजली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्पधाओं में पहला स्थान हासिल किया, जबकि अंडर-18 वर्ग में अदिति और ओपन वर्ग में रेशमा तथा लवली ने अपनी रफ्तार से दर्शकों का दिल जीत लिया। स्टेडियम में खेल प्रतिभाओं की चमक और खिलाड़ियों के उत्साह ने आयोजन को यादगार बना दिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में अंगद सिंह, राजा मिश्रा, अरविन्द मोहन, श्याम सुन्दर और अख्तर हुसैन का सराहनीय योगदान रहा। आयोजकों ने खिलाड़ियों को खेलों में निरंतर भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## होली की खुशियां मातम में बदलीं, पत्नी के न लौटने से आहत युवक ने दी जान

**चित्रकूट।** जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में एक मार्मिक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। इटहा देवीपुर गांव निवासी 24 वर्षीय राममोहन ने पत्नी के मायके से वापस न आने के सदमे में अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि करीब आठ महीने पहले उसकी शादी मऊ थाना क्षेत्र के खंडेहा गांव की युवती से हुई थी। होली के अवसर पर वह पत्नी को लेने ससुराल गया था, लेकिन किसी कारणवश ससुराल पक्ष ने उसे पत्नी के साथ भेजने से मना कर दिया। इस बात को लेकर कहासुनी भी हुई, जिसके बाद वह बेहद मायूस होकर घर लौट आया। घर पहुंचकर उसने भाभी को पूरी बात बताई और देर तक रोता रहा। समझाने के बावजूद वह खुद को संभाल नहीं सका और मौका पाकर घर के अंदर फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## नगर पालिका की समीक्षा बैठक में खुली राजस्व की पोल, लक्ष्य करोड़ों का और वसूली हजारों में

- सफाई भी चाहिए, टैक्स भी चाहिए
- यूजर चार्ज नहीं दिया तो कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**



समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम नगर पालिका परिषद में रविवार को स्वच्छता और राजस्व वसूली को लेकर सख्त तेवर देखने को मिले। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अरुण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में साफ-सफाई व्यवस्था, यूजर चार्ज वसूली और कर संग्रह की प्रगति का गहन आकलन किया गया। अधिशासी अधिकारी लाल जी की मौजूदगी में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि शहर के सभी घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से स्वच्छता के तहत यूजर चार्ज की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए और इसे अप्रैल से टैक्स के साथ लागू कराया जाए। बैठक में यह भी सामने आया कि नगर में 313 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि मानक के अनुसार 60 कर्मचारियों की कमी है। इस पर प्रभारी अधिकारी ने जल्द भर्ती कर यह कमी दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि किसी व्यक्ति या प्रतिष्ठान के सामने कूड़ा फेंकते या ढेर लगाते हुए पाया गया तो उस पर जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई तय होगी। सफाई नायकों को ऐसे लोगों की सूची एक सप्ताह में तैयार करने के निर्देश दिए गए। राजस्व वसूली की स्थिति पर भी नाराजगी जताई गई, क्योंकि 1 करोड़ 54 लाख रुपये के लक्ष्य के मुकाबले अब तक मात्र 26 हजार रुपये ही वसूले जा सके हैं। कर निरीक्षक राहुल पांडे और उनकी टीम को मार्च तक लक्ष्य के अनुरूप वसूली तेज करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका की आय बढ़ाने के लिए नए पार्किंग स्थल विकसित करने और विज्ञापन होर्डिंग के टेंडर जल्द पूरा करने की भी योजना पर जोर दिया गया।

## जमीरा और कलचिहा पौधशाला में गूंजा महिला सशक्तिकरण का स्वर, सम्मानित हुईं ग्रामीण महिलाएं



पौधशाला में महिलाओं को सम्मानित करते हुए

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** वन क्षेत्र कार्यालय परिसर जमीरा पौधशाला और कलचिहा पौधशाला में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान और जागरूकता का प्रेरक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान कोलमजरा शोभनाथ प्रजापति ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं और समाज के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाजसेवी अजय त्रिपाठी ने महिलाओं को शिक्षा, आत्मसम्मान और सामाजिक भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सशक्त महिला ही सशक्त समाज और राष्ट्र की आधारशिला होती है। कार्यक्रम में वन विभाग की ओर से वन दरोगा अमरजीत, महेंद्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार, वन रक्षक ऋषभ जैन सहित अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और सम्मान का वातावरण रहा तथा महिलाओं ने इस पहल की सराहना की।

## जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार याज्ञिक को बड़ी जिम्मेदारी, सौंपी गई प्रदेश मुख्य महासचिव की कमान



पत्रकार राजकुमार याज्ञिक

**चित्रकूट।** पत्रकारिता जगत में जनपद के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा में चित्रकूट के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार याज्ञिक को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश मुख्य महासचिव मनोनीत किया गया है। यह घोषणा महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय तथा राष्ट्रीय संचालन समिति के अनुमोदन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र और राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया द्वारा की गई। महासंघ ने श्री याज्ञिक की संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें यह अहम दायित्व सौंपा है। इससे पूर्व वह प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। बलदाऊगंज निवासी राजकुमार याज्ञिक ने मनोनयन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा और किसी भी पत्रकार के साथ अन्याय या उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनके मनोनयन से जिले के पत्रकारों में उत्साह का माहौल है।

## ग्रामोदय में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का स्वागत, भारतीय परंपरा पर हुई चर्चा



एनएसएस शिविर में मौजूद उच्च शिक्षा मंत्री

**चित्रकूट।** जिले में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर एवं सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा तकनीकी एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार का आत्मीय स्वागत किया गया। आरोग्य धाम गेस्ट हाउस में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की ओर से कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान कुलगुरु प्रो चौबे और कुलसचिव प्रो आञ्जनेय पांडेय ने फ्लॉवर स्टिक भेंट कर मंत्री परमार का सम्मान किया। शिष्टाचार भेंट के दौरान मंत्री परमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति का मूल आधार ज्ञान, कौशल और जीवन मूल्यों की समृद्ध विरासत है। इस अवसर पर राज्य एनएसएस अधिकारी मनोज अग्निहोत्री, अतिरिक्त संचालक डॉ आरपी सिंह, डॉ भरत व्यास, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल सहित अनेक उपस्थित रहे।

## मदना में गूंजा जल बचाओ का संदेश, गांव ने लिया जल सुरक्षित भविष्य का संकल्प




कार्यक्रम में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जनपद के विकासखंड मानिकपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मदना में रविवार को रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत आयोजित जल महोत्सव एवं जल अर्पण कार्यक्रम ने गांव में जल संरक्षण की नई चेतना जगा दी। कार्यक्रम की शुरूआत जल वंदना से हुई, जिसके बाद ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों ने जल पदयात्रा निकालकर जल बचाओ-भविष्य बचाओ का संदेश दिया। इस दौरान गांव के हैंडपंप, पाइपलाइन और जल टंकी के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की गई। बैठक में ग्रामीणों को जल गुणवत्ता, भूजल पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन और ग्रे वॉटर प्रबंधन के महत्व की जानकारी दी गई। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ जल प्रबंधन में उनकी भूमिका पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अरविंद रलिहा, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), ग्राम प्रधान सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि मदना में 375 और गढ़ी कला में 298 घरों को नल कनेक्शन से संतृप्त कर नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। अंत में ग्रामीणों ने मेरा गांव-जल सुरक्षित भविष्य का संकल्प लेते हुए जल संरक्षण की शपथ ली।

## सड़क किनारे सरसों के बीच मिला नर कंकाल, हत्या की आशंका से गांव में हलचल

**चित्रकूट।** जिले के शिवरामपुर चौकी क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब सड़क किनारे सरसों के खेत में एक नर कंकाल पड़ा मिला। खेत की ओर गए ग्रामीणों की नजर जैसे ही सरसों के बीच पड़े कंकाल पर पड़ी, पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही शिवरामपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर कंकाल कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है और किसी पुरुष का बताया जा रहा है, हालांकि उसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। कंकाल की हालत को देखते हुए हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम व अन्य परीक्षणों की प्रक्रिया शुरू कर दी है तथा आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी रिपोर्टों से मिलान किया जा रहा है। चौकी प्रभारी के अनुसार मामले की हर पहलू से गहन जांच की जा रही है।

## मशरूम, गुलाल और बांस कला से बदली तकदीर- महिला दिवस पर ग्रामीण उद्यमियों को मिला सम्मान

**चित्रकूट।** मझगवां स्थित दीनदयाल शोध संस्थान के कृषि विज्ञान केंद्र में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन प्रेरणा और आत्मनिर्भरता की नई कहानी बन गया। कार्यक्रम में ग्रामीण आजीविका मिशन की मझगवां विकासखंड की करीब 85 महिलाओं ने भाग लिया। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, नानाजी देशमुख और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में सफल महिला उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से मशरूम उत्पादन, हर्बल गुलाल, बांस कला और खाद्य प्रसंस्करण जैसे कार्यों से वे न केवल आत्मनिर्भर बनी हैं बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन रही हैं। इस अवसर पर सीमा सतनामी, वंदना शिवहरे और चंद्रिका पंसेरिया सहित कई महिलाओं को सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन महिलाओं के उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने और उन्हें स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग देगा।




महिला दिवस कार्यक्रम में मौजूद अधिकारीगण

## जस्टिस डिपार्टमेंट ने जारी किया ट्रंप से जुड़ा इंटरव्यू



**अमेरिका**

**अमेरिकी** न्याय विभाग ने वित्तीय कारोबारी जेफरी एपस्टीन की जांच से जुड़े दस्तावेजों का एक नया सेट जारी किया है, जिसमें उस महिला से संबंधित रिकॉर्ड भी शामिल हैं जिसने आरोप लगाया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 13 से 15 वर्ष की आयु के बीच उसका यौन उत्पीड़न किया था।

ये दस्तावेज उस बयान से संबंधित हैं जो महिला ने 2019 में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) को दिया था, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि एपस्टीन ने उसे न्यूयॉर्क या न्यू जर्सी में ट्रंप से मिलवाया था। इन दस्तावेजों में एफबीआई एजेंटों द्वारा 2019 में एपस्टीन की व्यापक जांच के हिस्से के रूप में किए गए साक्षात्कारों का सारांश है, जिस पर नाबालिग लड़कियों की यौन तस्करी का रैकेट चलाने का आरोप था।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार उसने बताया कि कैसे ट्रंप ने अपनी पैंट की जिप खोलकर ओरल सेक्स करने को कहा। इससे नाराज महिला ने ट्रंप के प्राइवेट पार्ट पर काट लिया, जिसके बाद ट्रंप ने मारपीट की। महिला ने कहा कि उसने इनकार कर दिया और आरोप लगाया कि ट्रंप ने उसे मारा। उसने यह भी याद किया कि उसी दिन बाद में एक "सुंदर गोरी महिला" उसके पास आई और उसे हर रात ब्रा पहनने की सलाह दी। न्याय विभाग ने चेतावनी दी कि कुछ दस्तावेजों में ट्रंप के बारे में झूठे और सनसनीखेज दावे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि ये रिकॉर्ड उन 15 फाइलों में शामिल थे जिन्हें पहले "गलती से डुप्लिकेट के रूप में कोडित" किया गया था, इसलिए इन्हें पहले जारी नहीं किया गया था। यह खुलासा अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में न्याय विभाग द्वारा एपस्टीन जांच से संबंधित रिकॉर्डों के प्रबंधन को लेकर बढ़ती जांच के बीच आया है। सांसदों ने हाल ही में इस मामले में अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी को पूछताछ के लिए समन जारी करने के लिए मतदान किया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने पोलिटिको को बताया कि ये आरोप "पूरी तरह से निराधार हैं, जिनका कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है। ट्रम्प ने पहले कहा था कि एपस्टीन के साथ उनका संबंध 2000 के दशक के मध्य में समाप्त हो गया था और उन्हें एपस्टीन द्वारा नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण की जानकारी नहीं थी।

# ईरान के खिलाफ उठाई आवाज, सासंद ने तोड़ दिया फौजी का हाथ

**अमेरिका**

**अमेरिकी** संसद में आर्ड फोर्स से जुड़ी सुनवाई में उस समय हंगामा हो गया जब अमेरिकी सासद टिम शीही ने प्रदर्शन कर रहे पूर्व मरीन सैनिक ब्रायन मैकगिनिस को बैठक से बाहर निकलवाया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हे जबरन बाहर निकालने की कोशिश की, जिसमे ब्रायन का हाथ टूट गया। ब्रायन अमेरिका के ईरान के खिलाफ युद्ध में शामिल होने के फैसले का विरोध कर रहे थे। सुनवाई के दौरान अचानक उन्होंने चिल्लाते हुए कहा, 'अमेरिका इस्त्राइल के लिए यह युद्ध नहीं लड़ना चाहता।' इसके बाद पुलिस ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की। रिपब्लिकन सेनेटर टिम शीही भी उन्हें बाहर धकेलने में शामिल हो गए। इस दौरान ब्रायन ने दरवाजे को पकड़ लिया और नारे लगाते रहे। इसी में उनका हाथ फस गया और टूट गया।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने ईरान पर किए जा रहे हमलों को रोकने के लिए लाए गए युद्ध शक्तियों से संबंधित प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को बहुत कम अंतर से खारिज कर दिया। मतों का यह अंतर संसद के भीतर बढ़ती असहजता का शुरूआती संकेत माना जा रहा है, क्योंकि तेजी से फैल रहा इस युद्ध का दायरा अमेरिका की घरेलू और वैश्विक प्राथमिकताओं को बदल रहा है। पिछले कुछ दिनों में यह दूसरा प्रस्ताव है जो असफल हुआ है। इससे पहले सीनेट ने ऐसे ही एक प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। सांसदों के सामने जान-माल के नुकसान, भारी खर्च और अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों की परीक्षा समेत युद्ध के कारण पैदा हुई स्थिति से चिंतित अमेरिकी जनता का प्रतिनिधित्व करने की चुनौती है। प्रतिनिधि सभा में यह प्रस्ताव 212 के मुकाबले 219 मतों से खारिज हो गया। इस नतीजे ने अमेरिका-इजराइल सैन्य अभियान और ट्रंप द्वारा संसद को दरकिनार



करने के फैसले के समर्थन और विरोध की स्थिति को स्पष्ट कर दिया। अमेरिकी संविधान के अनुसार युद्ध घोषित करने का अधिकार केवल संसद को है।

सदन की विदेश मामलों की समिति में शीर्ष डेमोक्रेट सांसद ग्रेगोरी मीक्स ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप कोई राजा नहीं हैं और यदि उन्हें लगता है कि ईरान के साथ युद्ध राष्ट्रीय हित में है तो उन्हें संसद के सामने आकर अपना पक्ष रखना चाहिए। वहीं, सदन के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने आगाह किया कि जब अमेरिकी सेना पहले से संघर्ष में शामिल है तब राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करना खतरनाक होगा। रिपब्लिकन पार्टी के अधिकतर नेता ट्रंप के साथ खड़े दिखायी दिए जबकि ज्यादातर डेमोक्रेट इस युद्ध का विरोध कर रहे हैं। कुछ रिपब्लिकन नेताओं का मानना है कि यह संघर्ष नया युद्ध शुरू करने के बजाय ऐसे ईरानी शासन का अंत हो सकता है जो लंबे समय से पश्चिम के लिए खतरा रहा है। इस अभियान में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो चुकी है, जिससे कुछ लोग वहां शासन परिवर्तन की संभावना देख रहे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि यह युद्ध लगभग आठ सप्ताह तक जारी रह सकता है, जो राष्ट्रपति के शुरूआती अनुमान से दोगुना है। वहीं, ट्रंप प्रशासन का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को नष्ट करना है, जो उसके परमाणु कार्यक्रम की सुरक्षा करती है।

## शांति के लिए प्रतिबद्ध लेकिन... ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियान ने एक्स पर पोस्ट कर क्या कहा?

**इजराइल**


**ईरान** और अमेरिका-इजराइल गठबंधन के बीच संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है, मध्य पूर्व में लगातार सातवें दिन भी प्रत्यक्ष सैन्य टकराव जारी है और तनाव कम होने के कोई तत्काल संकेत नहीं दिख रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, पिछले छह दिनों में ईरान में इस युद्ध में मरने वालों की संख्या 1,200 से अधिक हो गई है, लेबनान में 70 से अधिक और इजराइल में लगभग एक दर्जन लोग मारे गए हैं। युद्ध हर दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे मध्य



पूर्व और उससे बाहर के 14 और देश प्रभावित हो रहे हैं। ईरान द्वारा कुवैत पर किए गए जवाबी हमलों के बाद अमेरिकी दूतावास बंद हो गया है, और ईरान में युद्ध बढ़ने के साथ ही पूरी तरह से काम बंद करने वाला यह दूसरा अमेरिकी राजनयिक मिशन बन गया है। कुवैत वह स्थान भी है जहां रविवार को एक ईरानी ड्रोन हमले में छह अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि कुछ देशों ने मध्यस्थता के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

यह स्पष्ट होना चाहिए: हम इस क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं, फिर भी हमें अपने राष्ट्र की गरिमा और संप्रभुता की रक्षा करने में कोई संकोच नहीं है।

## सोशल मीडिया कंपनियों के लिए खतरे की घंटी!




**इंडोनेशिया**

**इंडोनेशिया** ने एक नया नियम लागू किया है जिसके तहत 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कई लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खाते बनाने की अनुमति नहीं होगी। इस नियम पर शुक्रवार को देश की संचार और डिजिटल मामलों की मंत्री मेउत्या हाफिद ने हस्ताक्षर किए। मंत्री ने कहा कि सरकार ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संभावित जोखिमों से युवा उपयोगकताओं की सुरक्षा के उद्देश्य से एक नियम को मंजूरी दी है। इस नए नियम के तहत, 16 वर्ष से कम आयु के नाबालिगों को उच्च जोखिम वाले माने जाने वाले प्लेटफॉर्म पर खाते बनाने या बनाए रखने की अनुमति नहीं होगी। ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म Roblox जैसी व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली सेवाएं शामिल हैं।

पिछले महीने, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने संकेत दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी भी 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे हैं। भारत यात्रा के दौरान एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में बोलते हुए, मैक्रों ने कहा कि यह कदम पहले ही कई देशों द्वारा लागू किया जा चुका है और उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी भी इस क्लब में शामिल होंगे। मैक्रों ने कहा प्रधानमंत्री, आप भी इस क्लब में शामिल होंगे... बच्चों और किशोरों की सुरक्षा के लिए। बच्चों की सुरक्षा करना नियम बनाना नहीं, बल्कि सभ्यता है।

आंध्र प्रदेश सरकार 13 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया तक पहुंच को सीमित करने के लिए नए उपायों पर विचार कर रही है।

## 24 घंटे में दो कदमों से जयशंकर ने पलटा खेल, पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत ने दिखाई दमदार कूटनीति

**ईरान**

**जटिल** से जटिल कूटनीतिक उलझनों को सधे हुए अंदाज में सुलझाने के लिए पहचाने जाने वाले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर भारत की सक्रिय कूटनीति का दमदार परिचय दिया है। ईरान के विदेश मंत्री से दूरभाष पर बातचीत करने के ठीक अगले ही दिन उन्होंने नई दिल्ली में ईरान के उप विदेश मंत्री से आमने सामने मुलाकात कर यह स्पष्ट कर दिया कि संकट चाहे कितना भी गहरा क्यों न हो, भारत संवाद के हर द्वार खुले रखता है। यही सक्रियता और संतुलन आज भारत को दुनिया के उन चुनिंदा देशों में खड़ा करता है जो पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व के तनावपूर्ण माहौल के बीच भी ईरान, खाड़ी देशों, इजराइल और अमेरिका सभी से निरंतर संपर्क बनाये हुए है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित उस दूरदर्शी नीति का परिणाम है जिसने भारत को वैश्विक मंच पर भरोसेमंद और प्रभावशाली शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया है।

देखा जाये तो पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात के बीच भारत की विदेश नीति एक बार फिर मजबूती के साथ सामने आई है। जिस समय पूरा क्षेत्र टकराव और अनिश्चितता की आग में घिरा हुआ है, उस समय भारत संयम और विवेक के साथ अपनी भूमिका निभा रहा है। भारत की कोशिश स्पष्ट है कि तनाव बढ़ाने की बजाय संवाद और समाधान का रास्ता मजबूत किया जाये, साथ ही राष्ट्रीय हितों और अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च



प्राथमिकता दी जाये। इस पूरे प्रयास में विदेश मंत्री एस जयशंकर की सक्रिय पहल और लगातार संपर्क साधने की नीति निर्णायक भूमिका निभा रही है।

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पश्चिम एशिया में बेहद संवेदनशील हुए हालात जैसे नाजुक समय में भारत ने जल्दबाजी या पक्षपात से दूर रहते हुए संतुलित कदम उठाए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से दूरभाष पर बात कर हालात पर विस्तार से चर्चा की और संवाद बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह संपर्क इस बात का संकेत था कि भारत संकट की स्थिति में भी बातचीत की प्रक्रिया को जीवित रखना चाहता है।

भारत ने इस घटना के बाद अपनी संवेदनशीलता भी स्पष्ट रूप से दिखाई। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास जाकर शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए ।

## ईरान के खिलाफ ट्रंप का नया 'मास्टरप्लान', क्या कुर्द,लड़ाके बनेंगे अमेरिका का हथियार?

**अमेरिका**

मध्य पूर्व में अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के सातवें दिन भी हालात बेकाबू हैं। ऐसे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुर्द लड़ाकों का समर्थन करते हुए कहा है कि अगर ये जातीय समूह खाड़ी युद्ध में शामिल होने का फैसला करता है तो यह शानदार होगा। 79 वर्षीय राष्ट्रपति ने रॉयटर्स को दिए एक टेलीफोन इंटरव्यू में कहा, "मुझे लगता है कि उनका ऐसा करना बहुत अच्छी बात है, मैं इसका पूरा समर्थन करता हूं। यह घटनाक्रम उन खबरों के बाद सामने आया है जिनमें कहा गया है



कि ईरानी कुर्द इस्लामिक गणराज्य में सैन्य अभियान चलाने की तैयारी कर रहे हैं। ईरानी कुर्द, जिनका दावा है कि 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद उनके कस्बे और गांव नष्ट हो गए थे, मुख्य रूप से उत्तरी इराक में रहते हैं। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, वे सीमा पार सैन्य अभियान शुरू करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि अमेरिका ने इराकी कुर्दों से उनका समर्थन करने का अनुरोध किया है। हालांकि, इसमें यह भी कहा गया है कि इराकी कुर्द इस लड़ाई में शामिल होने को लेकर हिचकिचा रहे हैं। ट्रम्प की टिप्पणियों ने एक बार फिर कुर्दों पर ध्यान केंद्रित किया है, जो मध्य पूर्व में रहने वाला एक अल्पसंख्यक समुदाय है और मुख्य रूप से इराक, सीरिया, तुर्की और आर्मेनिया में बसते हैं। उनकी आबादी लगभग 30 से 40 मिलियन है, लेकिन उनका अपना कोई देश नहीं है। हालांकि, यह उल्लेख करना आवश्यक है कि प्रथम विश्व युद्ध के बाद कुर्दों को एक अलग देश का वादा किया गया था। पिछले कई वर्षों से कुर्द लगातार मध्य पूर्व में एक अलग राष्ट्र की मांग उठाते रहे हैं। उन्होंने इस्लामिक रिपब्लिक इराक और सीरिया (आईएसआईएस) से लड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मध्य पूर्व में इस आतंकवादी समूह को हराने में अमेरिका की मदद की। ईरान की कुल जनसंख्या में कुर्दों की संख्या लगभग 8 से 17 प्रतिशत है। उन्होंने 1946 में महाबाद गणराज्य नामक एक कुर्द राज्य की स्थापना की थी, लेकिन ईरानी सेना ने उस पर पूरी तरह कब्जा कर लिया। एपी के अनुसार, शाह मोहम्मद रजा पहलवी के शासनकाल में कुर्दों को भारी उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। 1979 में ईरान में हुई इस्लामी क्रांति के बाद उनके खिलाफ उत्पीड़न और बढ़ गया और ईरानी सेना के साथ हुई लड़ाई में हजारों कुर्द मारे गए।

## मिसाइलों से इजराइल पर हमले तेज

**ईरान**

**ईरान** की आईआरजीसी ने शुक्रवार को कहा कि उसके वायु सेना बलों ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस का 21वां चरण शुरू किया है, जिसमें आत्मघाती ड्रोनों के झुंड और क्लस्टर वारहेड से लैस उन्नत खैबर मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया है। इसका उद्देश्य जायोनी शासन की बहुस्तरीय वायु सुरक्षा को भेदना और उसे पार करना है। आईआरजीसी ने कहा कि इस समन्वित हमले का कोडनेम "या मुइज अल-मुमिनिन" था। ईरान ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में उसका जवाबी अभियान तेज होगा, और सैन्य अधिकारियों ने व्यापक हमलों का संकल्प लिया है, जबकि वायु सुरक्षा बल पूरे देश में इजरायली और अमेरिकी विमानों और ड्रोनों को रोकना जारी रखेंगे।

खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जोल्फागरी ने प्रेस टीवी को बताया कि इजरायल ने अपने सैन्य संसाधनों को नागरिक क्षेत्रों में छिपाने का प्रयास किया है, लेकिन ईरानी सेनाएं उन्हें ढूंढकर उन पर हमला करना जारी रखे हुए हैं। जोल्फागरी ने कहा कि जायोनी शासन की कायर सैन्य ताकतें और ठिकाने आम नागरिकों और सार्वजनिक क्षेत्रों में छिपे हुए हैं। लेकिन हमलावरों का पता लगाना और उन पर हमला करना जारी रहेगा, और आने वाले दिनों में हमलों का सिलसिला और भी तेज और व्यापक हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि ईरानी वायु रक्षा ने देश के कई क्षेत्रों में दुश्मन के उन्नत विमानों को रोककर नष्ट कर दिया है। जोल्फागरी के अनुसार, इन नवीनतम हमलों के साथ, पिछले शनिवार को अमेरिका-इजरायल के आक्रमण की शुरूआत के बाद से ईरानी सशस्त्र बलों द्वारा मार गिराए गए दुश्मन ड्रोनों की कुल संख्या 75 से अधिक हो गई है। नई दिल्ली में ईरानी उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने जोर देकर कहा कि तेहरान के पास अमेरिकी और इजरायली आक्रमण" के खिलाफ वीरतापूर्ण राष्ट्रवादी रक्षा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## कोई समझौता नहीं होगा, ट्रंप ने किया साफ, ईरान को बिना शर्त सरेंडर करना होगा, इसी में उसकी भलाई

**ईरान**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को ईरान पर अपना रुख और कड़ा कर दिया। ट्रंप ने दो टूक कह दिया कि ईरान के साथ कोई समझौता नहीं होगा, और उसे बिना शर्त आत्मसमर्पण करना होगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान के अगले सर्वोच्चा नेता के चयन की प्रक्रिया में उन्हें शामिल किया जाना चाहिए। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले लगातार जारी हैं तथा इन हमलों के जवाब में ईरान ने भी क्षेत्र में इजराइल एवं अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रखे हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान पर हमलों में मारे गए अयातुल्ला अली खामेनेई के स्थान पर उनके बेटे मोजतबा खामेनेई का सर्वोच्च नेता के तौर पर चयन अस्वीकार्य होगा।

ईरान और अमेरिका-इजराइल गठबंधन के बीच संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है, मध्य पूर्व में लगातार सातवें दिन भी प्रत्यक्ष सैन्य टकराव जारी है और तनाव कम होने के कोई तत्काल संकेत नहीं दिख रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, पिछले छह दिनों में ईरान में इस युद्ध में मरने वालों की संख्या 1,200 से अधिक हो गई है, लेबनान में 70 से अधिक और इजराइल में लगभग एक दर्जन लोग मारे गए हैं। युद्ध हर दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे मध्य पूर्व और उससे बाहर के 14 और देश प्रभावित हो रहे हैं। ईरान द्वारा कुवैत पर किए गए जवाबी हमलों के बाद अमेरिकी दूतावास बंद हो गया है, और ईरान में युद्ध बढ़ने के साथ ही पूरी तरह



से काम बंद करने वाला यह दूसरा अमेरिकी राजनयिक मिशन बन गया है। कुवैत वह स्थान भी है जहां रविवार को एक ईरानी ड्रोन हमले में छह अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि कुछ देशों ने मध्यस्थता के प्रयास शुरू कर दिए हैं। यह स्पष्ट होना चाहिए: हम इस क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं, फिर भी हमें अपने राष्ट्र की गरिमा और संप्रभुता की रक्षा करने में कोई संकोच नहीं है। मध्यस्थता में उन लोगों को शामिल किया जाना चाहिए जिन्होंने ईरानी जनता को कम आंका और इस संघर्ष को भड़काया।

अजरबैजान ने ईरान पर ड्रोन हमले करने का बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था जिसे तेहरान ने खारिज कर दिया। ईरान ने बृहस्पतिवार सुबह इजराइल और अमेरिका के कई अड्डों पर नये सिरे से हमले किए और धमकी दी कि हिंद महासागर में ईरान के एक युद्धपोत को टॉरपीडो के हमले से डुबोने के लिए अमेरिका को बहुत पछताना पड़ेगा। ईरान समर्थक हिजबुल्ला लड़ाकों के साथ संघर्ष बढ़ने के बीच इजराइल ने चेतावनी जारी कर बेरूत के दक्षिणी उपनगरों के लिए बड़े पैमाने पर निकासी का परामर्श जारी किया। संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों ने इजराइली सैनिकों की और टुकड़ियों के सीमा पार जाने के बीच दक्षिणी लेबनान में जमीनी लड़ाई की सूचना दी। इस बीच, पूरे ईरान में अमेरिका और इजराइल के हमले जारी हैं। उन्होंने ईरान की सैन्य क्षमता, नेतृत्व और परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया है। ईरान ने जवाबी हमले करते हुए अरब में अपने पड़ोसियों को निशाना बनाया है। इन हमलों के कारण तेल आपूर्ति बाधित हो गई है और वैश्विक हवाई यात्रा बुरी तरह प्रभावित हुई है। संबंधित देशों के अधिकारियों के अनुसार, इस युद्ध में ईरान में कम से कम 1,230 लोग, लेबनान में 120 से अधिक लोग और इजराइल में लगभग एक दर्जन लोग मारे गए हैं। हमलों में छह अमेरिकी सैनिक भी मारे गए हैं।